


दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K K

RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-22 अंक-68 | सीहोर, रविवार 27 अप्रैल 2025 | पृष्ठ-8 | मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## ताबड़तोड़ एक्शन-लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े 7 आतंकियों के घर मिट्टी में मिलाए



जम्मू(ए)। जम्मू कश्मीर के पहलगाम हुए आतंकी हमले के बाद सुरक्षा बल के जवान आतंकियों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रहे हैं। बीती रात को बड़ी कार्रवाई करते हुए लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े सात आतंकियों के घरों को ध्वस्त कर दिया है। यह अभियान दक्षिण कश्मीर के शोपियां, कुलगाम और पुलवामा जिलों में चलाया गया। शोपियां के छोटीपोरा गांव में लश्कर कमांडर शाहिद अहमद कुट्टे का घर मलबे में तब्दील कर दिया गया। अधिकारियों के मुताबिक, कुट्टे पिछले 3-4 वर्षों से आतंकवादी गतिविधियों में सक्रिय था और कई हमलों का समन्वयक रहा है। वहीं, कुलगाम के मतलाम इलाके में सक्रिय आतंकी जाहिद अहमद का घर भी ढहा दिया गया।बता दें कि पहलगाम आतंकवादी घटना के बाद सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पूरे क्षेत्र में बड़ा सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है और आतंकियों की तलाश तेज कर दी गई है। पुलवामा के मुर्रन क्षेत्र में आतंकी अहसन उल हक का घर विस्फोट से उड़ाया गया। अहसन ने 2018 में पाकिस्तान में आतंकी प्रशिक्षण लिया था और हाल ही में घाटी में फिर से सक्रिय हुआ था।

### पहलगाम हमला : सामने आया रोंगटे खड़े करने वाला नया वीडियो, पर्यटकों को गोली मारता दिखा आतंकी

पहलगाम ,(आरएनएस)। बीते 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम स्थित बैसरन में हुए भीषण आतंकी हमले का एक नया और विचलित कर देने वाला वीडियो सामने आया है। इस हमले में आतंकवादियों ने 26 पर्यटकों की गोली मारकर हत्या कर दी थी और 17 अन्य घायल हो गए थे। सामने आए इस नए वीडियो में आतंकी कायराना हरकत को अंजाम देते दिख रहे हैं।वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि सफेद कपड़े पहने एक पर्यटक खड़ा है, जिसके ठीक सामने काले कपड़ों में एक आतंकवादी मौजूद है। अचानक आतंकवादी सामने खड़े पर्यटक पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर देता है। गोलीबारी होते ही घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच जाती है। लोग चीखने लगते हैं और जान बचाने के लिए इधर-उधर भागते नजर आते हैं, जिससे पूरे इलाके में दहशत फैल जाती है। इस नृशंस हमले के बाद सुरक्षाबलों ने आतंकवादियों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है।

## गरीबी की विरुद्ध प्राप्त हो रही सफलता में मध्यप्रदेश प्रमुख सहयोगी राज्य : मुख्यमंत्री डॉ. यादव



भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि देश में गत दशक में 17 करोड़ लोग गरीबी के कुचक्र से बाहर आए हैं। विश्व बैंक के अनुसार भारत में 171 मिलियन लोगों का अत्यधिक गरीबी से बाहर आना इस दशक की उल्लेखनीय उपलब्धि है। देश में मध्यप्रदेश उन 5 राज्यों में शामिल है , जहां इस क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य हुआ है। इस तरह गरीबी के विरूद्ध प्राप्त हो रही सफलता में मध्यप्रदेश प्रमुख सहयोगी राज्य बना है। मध्यप्रदेश की ग्रोथ रेट बेहतर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन को महत्वपूर्ण मानते हुए उनका आभार व्यक्त किया है। साथ ही प्रदेश के नागरिकों को बधाई दी है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज मीडिया को दिए संदेश में कहा कि मध्यप्रदेश में युवाओं, किसानों, महिलाओं और गरीब वर्ग के कल्याण के लिए निरंतर कार्य हो रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी की जनहितैषी नीतियों का परिणाम है कि देश में समावेशी विकास और ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में लक्षित कल्याणकारी योजनाओं, आर्थिक सुधारों और आवश्यक सेवाओं तक नागरिकों की पहुंच में वृद्धि हुई है। भारत ने गरीबी के स्तर को कम करने में महत्वपूर्ण प्रगति प्राप्त की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्ष 2025 उद्योग और रोजगार वर्ष है। इंदौर में 27 अप्रैल को हो रही आईटी कॉन्क्लेव औद्योगिक रफ्तार बढ़ाने का कार्य करेगी। इससे युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। आकाशी युवाओं को रोजगार प्राप्त होगा। मध्यप्रदेश उन राज्यों में है, जहां औद्योगिक निवेश में तेजी आई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आईटी क्षेत्र के विशेषज्ञों की इस कॉन्क्लेव में उत्साहपूर्ण भागीदारी का स्वागत किया है।

### लंदन में पाकिस्तान उच्चायोग के बाहर भारतीय प्रवासियों का विरोध प्रदर्शन, पहलगाम आतंकी हमले पर जताया आक्रोश

नई दिल्ली, (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए भीषण आतंकी हमले के विरोध में यूनाइटेड किंगडम में रह रहे भारतीय समुदाय के सैकड़ों लोगों ने लंदन स्थित पाकिस्तान उच्चायोग के बाहर शुक्रवार को जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस हमले में 26 निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या ने प्रवासी भारतीयों के दिलों को झकझोर दिया और पूरे समुदाय में गहरा आक्रोश फैला दिया। प्रदर्शन का नेतृत्व यूथ ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी यूके के अध्यक्ष एवं किंग्स कॉलेज लंदन के छात्र तेजस्व भारद्वाज ने किया। प्रदर्शन में लगभग 500 लोगों ने भाग लिया, जिन्होंने हाथों में तिरंगा थामे भारत माता की जय और पाकिस्तान मुर्दाबाद जैसे नारों के साथ पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद को समर्थन दिए जाने के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की। प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान पर आतंकवादी संगठनों को पनाह देने और आतंकवाद को राज्य प्रायोजित संरक्षण देने का गंभीर आरोप लगाते हुए अंतरराष्ट्रीय समुदाय से कड़ी कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के दौरान पाकिस्तान उच्चायोग की ओर से अपमानजनक और भड़काऊ व्यवहार की घटनाएं भी सामने आईं।

## आर्मी मूवमेंट की कवरेज न करें मीडिया संस्थान: केंद्र सरकार



नई दिल्ली (आरएनएस)। पहलगाम हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। पाकिस्तान को पता है कि भारत इस कायराना हरकत का जवाब अवश्य देगा इसलिए वे पाक पीएम ने कहा कि हम पहलगाम हमले की जांच में सहयोग को तैयार हैं। वहीं केंद्र सरकार ने शनिवार को देश के मीडिया चैनलों से रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों की आवाजाही का सीधा प्रसारण करने से बचने की सलाह दी है और कहा कि इस तरह की रिपोर्टिंग से जाने-अनजाने में दुश्मनों को मदद मिल सकती है। इस निर्देश से स्पष्ट है कि कुछ बड़ा होने वाला है।सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की तरफ से जारी सलाह में कहा गया है, 'राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में, सभी मीडिया प्लेटफॉर्म, समाचार एजेंसियों और सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि वे रक्षा और अन्य सुरक्षा-संबंधी अभियानों से संबंधित मामलों पर रिपोर्टिंग करते समय अत्यधिक जिम्मेदारी का प्रयोग करें और मौजूदा कानूनों और विनियमों का सख्ती से पालन करें।' वहीं पाकिस्तानी प्रधानमंत्री जांच की बात कर रहे हैं और दूसरी ओर पाकिस्तान की फौज ने लगातार दूसरे दिन स्भष्ट पर गोली बारी की।भारतीय फौज ने इसका जवाब दिया। नुकसान की खबर नहीं हैं। सलाह में यह भी कहा गया है कि संवेदनशील जानकारी का समय से पहले खुलासा अनजाने में शत्रुतापूर्ण तत्वों की सहायता कर सकता है और परिचालन पर प्रभाव और कर्मियों की सुरक्षा को खतरे में डाल सकता है।

### एफआईआईटी धोखाधड़ी मामले में ईडी की बड़ी कार्रवाई, दिल्ली-एनसीआर में 7 ठिकानों पर छापेमारी; 250 करोड़ की ठगी का खुलासा

नोएडा (आरएनएस)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के लखनऊ क्षेत्रीय कार्यालय ने प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट, 2002 के तहत नोएडा, दिल्ली और गुरुग्राम में सात स्थानों पर छापेमारी की है। यह कार्रवाई प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी कराने वाले प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान फिटजी से संबंधित है।फिटजी के निदेशक डी.के. गोयल के अलावा सीईओ, सीओओ और सीएफओ के आवासों तथा संस्थान के आधिकारिक परिसरों पर छापेमारी की गई। ईडी ने नोएडा, लखनऊ, दिल्ली, भोपाल और अन्य शहरों में दर्ज कई एफआईआर के आधार पर फिटजी और उसके वरिष्ठ प्रबंधन के खिलाफ जांच शुरू की है।इन एफआईआर में आरोप लगाया गया था कि संस्थान के वरिष्ठ अधिकारियों ने छात्रों और अभिभावकों से गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक सेवाएं देने के नाम पर भारी शुल्क वसूला, लेकिन इसके बदले में वादे के अनुरूप सेवाएं प्रदान नहीं की गईं।

### पहलगाम हमले के जिम्मेदारों को माकूल जवाब देगा भारत : नड्डा

नई दिल्ली(ए)। भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार को कहा कि भारत पहलगाम आतंकी हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को माकूल करारा जवाब देगा। यह हमला इस सप्ताह की शुरुआत में हुआ था, जिसमें 26 निर्दोष लोगों की जान चली गई थी।यहां गणपति पूजा-अर्चना करने के बाद बीजेपी अध्यक्ष नड्डा ने मीडिया से कहा, कि पूरा देश उम्मीद करता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस हमले का कड़ा और प्रभावी जवाब देंगे। यहां बताते चलें कि यह आतंकी हमला कश्मीर के पहलगाम स्थित बैसरन घाटी में मौजूद रहे पर्यटकों पर हुआ था। इस दौरान आतंकवादियों ने गोलीबारी की थी और कई लोग मारे गए थे। इस हमले को हाल के वर्षों में कश्मीर में हुए सबसे घातक आतंकी हमलों में से एक माना जा रहा है।नड्डा ने इस कायरतापूर्ण हमले पर गुस्से का इजहार करते हुए कहा, जम्मू-कश्मीर में इस कायरतापूर्ण हमले से पूरा देश दुखी और गुस्से में है।



### पाकिस्तान जाने वाली चिनाब नदी का पानी रोका, मंत्री ने कहा- एक बूंद भी नहीं देंगे

नई दिल्ली,(ए)। भारत ने चिनाब नदी का पानी पाकिस्तान की ओर जाने से रोक दिया है, जिसका असर पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में देखा जा रहा है। वहीं केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल ने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने की रणनीति पर काम कर रही है कि भारत से पानी की एक भी बूंद पाकिस्तान में न जाने पाए। चिनाब नदी पर बने बगलिहार जलविद्युत परियोजना के जरिए भारत ने नदी के पानी के प्रवाह को नियंत्रित करना शुरू कर दिया है। इस कदम के बाद, पाकिस्तान के सियालकोट, पंजाब में स्थित मारला हेडवर्क्स के स्थानीय लोगों ने बताया कि चिनाब नदी में पानी का स्तर काफी कम हो गया है। चिनाब नदी पाकिस्तान के कृषि और पेयजल आपूर्ति के लिए महत्वपूर्ण है।



### ए आर रहमान पर लगा धुन चोरी का आरोप, 2 करोड़ का जुर्माना; कोर्ट ने भेजा नोटिस

नई दिल्ली (आरएनएस)। मशहूर म्यूजिक डायरेक्टर एआर रहमान एक बार फिर गलत वजह से सुर्खियों में आ गए हैं। दिल्ली हाईकोर्ट ने धुन कॉपी के आरोप में उनके और फिल्म प्रोडक्शन कंपनी मद्रास टॉकीज पर दो करोड़ रुपये का जुर्माना ठोका है। मामला ऐश्वर्या राय बच्चन की फिल्म 'पोन्नियन सेलवन 2' के गाने 'वीरा राजा वीरा' से जुड़ा है। कोर्ट ने रहमान को इस मामले में नोटिस भेज दिया है।पद्मश्री से सम्मानित उस्ताद फैयाजुद्दीन वसीफुद्दीन डागर ने दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दायर कर आरोप लगाया था कि 'वीरा राजा वीरा' गाने की धुन उनके पिता नासिर फैयाजुद्दीन डागर और चाचा नासिर जाहिरुद्दीन डागर की कंपोज 'शिव स्तुति' से कॉपी की गई है।

## 26/11 हमले के आरोपी तहव्वुर राणा ने झाड़ा पल्ला, दोस्त डेविड हेडली पर फोड़ा ठीकरा

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। 26/11 आतंकी हमले के मास्टरमाइंड के रूप में जाना जाने वाले तहव्वुर हुसैन राणा ने मुंबई क्राइम ब्रांच की पूछताछ में चौंकाने वाला दावा किया। राणा ने 26/11 आतंकी हमले से अपना पल्ला पूरी तरह से झाड़ लिया है।अधिकारियों ने बताया कि खुद को इस हमले से पूरी तरह बेगुनाह बताते हुए राणा ने कहा कि उसे 26/11 हमले से कोई लेना-देना नहीं है। इस हमले के लिए उसने अपने बचपन के दोस्त डेविड कोलमैन हेडली को जिम्मेदार ठहराया है। राणा ने पूछताछ के दौरान यह भी कहा कि मुंबई हमले की साजिश में उसकी कोई भूमिका नहीं थी। इसमें डेविड हेडली का हाथ था।पूछताछ में राणा ने यह भी बताया कि वह दिल्ली और मुंबई के अलावा केरल भी गया था। जब अधिकारियों ने उससे केरल जाने की वजह पूछी, तो उसने बताया कि वह वहां अपने जानने वालों से मिलने गया था। राणा ने केरल में अपने परिचित व्यक्ति का नाम और पता भी एजेंसी को सौंपा है। इस जानकारी के बाद क्राइम ब्रांच अब राणा के दावों की पुष्टि करने की तैयारी में जुट गई है। संभावना जताई जा रही है कि जांच एजेंसी की एक टीम जल्द ही केरल रवाना हो सकती है, ताकि सच्चाई का पता लगाया जा सके।बता दें कि 26/11 मुंबई हमलों के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा को अमेरिका से प्रत्यर्पित कर भारत लाया गया है। राणा को लॉस एंजेल्स से एनआईए और राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) की टीमों के साथ एक विशेष विमान से भारत लाया गया।




## ईरान के राजई बंदरगाह पर भीषण धमाके में 406 लोग घायल



तेहरान,(ए)। ईरान के प्रमुख बंदरगाह शहर बंदर अब्बास स्थित राजई बंदरगाह पर शनिवार को हुए भीषण धमाके और आगजनी की घटना में 406 लोग घायल हो गए। प्रांतीय आपदा प्रबंधन अधिकारी मेहरदाद हसनजादेह ने बताया कि धमाका काफी भयावह था। उन्होंने कहा राहत एवं बचाव दल मौके पर राहत कार्यों में जुटे हुए हैं।ईरानी मीडिया के अनुसार, घायल व्यक्तियों को होर्मोज़गान प्रांत के विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। धमाका बंदरगाह पर रखे कंटेनरों में हुए विस्फोट के कारण हुआ। तेल टैंक और पेट्रोकेमिकल इकाइयों की मौजूदगी के कारण आग के और भी भयावह रूप लेने की आशंका जताई गई है। उक्त घटना के वीडियो फुटेज भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं, जिनमें काले धुएं का विशाल गुबार आसमान में उठता दिखाई दे रहा है। हादसे के बाद ईरान के सीमा शुल्क प्राधिकरण ने सभी कस्टम कार्यालयों को आदेश दिया है कि बंदरगाह के लिए निर्यात और ट्रांजिट शिपमेंट पर तत्काल रोक लगाई जाए।

### आतंकियों की उल्टी गिनती शुरू, घाटी में 14 दहशतगर्दों की लिस्ट तैयार; सेना की हिट लिस्ट में ये नाम

पहलगाम ,(आरएनएस)। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना ने आतंकवादियों का सफाया करने के लिए कमर कस ली है। सेना ने घाटी में एक साथ कई बड़े ऑपरेशन शुरू किए हैं और अब तक सात आतंकवादियों के घरों को ध्वस्त कर दिया है। इसके साथ ही सेना ने घाटी में सक्रिय लोकल आतंकवादियों की एक विस्तृत सूची तैयार की है, जिससे अब उनकी 'उल्टी गिनती' शुरू मानी जा रही है।सेना ने खुफिया जानकारी जुटाकर घाटी में इस समय सक्रिय 14 लोकल आतंकवादियों की पूरी कुंडली निकाल ली है। इन आतंकियों के बारे में सेना के पास विस्तृत जानकारी मौजूद है।सेना द्वारा तैयार की गई सूची के अनुसार, सोपोर में लश्कर-ए-तैयबा का एक लोकल आतंकी सक्रिय है। अवंतीपोरा में जैश-ए-मोहम्मद का एक आतंकी और पुलवामा में लश्कर और जैश के दो-दो लोकल आतंकी सक्रिय बताए जा रहे हैं। शोपियां में हिजबुल मुजाहिदीन का एक और लश्कर के चार आतंकी मौजूद हैं, जबकि अनंतनाग में हिजबुल के दो लोकल आतंकी सक्रिय हैं।

### अटल चौराहे पर बजरंग दल ने जलाया पाकिस्तानी झंडा जूतों से मार कर राख में मिला दिया आतंकवादी पुतला

सीहोर (निप्र)। बड़ा बाजार में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के द्वारा पहलगाम में इस्लामिक आतंकियों के द्वारा मारे गए निहथे हिन्दुओं को श्रंद्धाजली देने और पाकिस्तान के इशारे पर हुई घटना के विरोध में आयोजित सभा को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ भोपाल क्षेत्र के नैतिक शिक्षा प्रमुख सुनील कुमार शर्मा ने संबोधित किया।



शर्मा ने कहा कि हिन्दू बचेगा तो देश बचेगा, हिन्दू बटेंगा तो कटेगा, हिन्दू एक रहेगा तो सेफ रहेगा, जन्मू कशमीर के पहलगाम में इस्लामिक आतंकियों ने हिन्दुओं से जात नहीं पूछी थी केवल धर्म पूछा था, उनकी पत्नियों बच्चों के सामने निर्मता से सिर पर गोलियां मार दी थी। बांग्लादेश से हिन्दू पलायल कर रहा है कशमीर में हिन्दू खत्म हो गया है यह सब इस्लाम के आतंकियों ने हीं किया है। आतंकवाद का मजहब इस्लाम होता है इस बात को समझना होगा और लव जिहाद, लेंड जिहाद, आर्थिक जिहाद वोट जिहाद का मुकाबला हमसब को मिलकर करना होगा।मृतकों को श्रंद्धाजली देकर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भाजपा नेता जसपाल सिंह अरोरा ने कहा कि जाति भेद मिटाने का समय आ गया है और अब पाकिस्तान प्रायोजित घटनाओं की निंदा करने का समय भी नहीं है अब पाकिस्तान को सीधे ठोकने का समय आ गया है तभी बदला पूरा होगा। कथा वाचक पंडित मोहितराम पाठक ने कहा कि हमें जयचंदों से सावधान रहने की पहले जरूरत है, देश के अंदर बैठे गददारों को भी सबक सिखाना होगा,देश का खाते है लेकिन पाकिस्तान के गुन गाते है इस तरह के विधर्मियों से कोई काम नहीं कराना चाहिए।

K ✌ K

राजधानी समाचार





# जल गंगा संवर्धन अभियान की गतिविधियाँ बढ़ायें : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान की गतिविधियों को और अधिक विस्तारित किया जाये, जिससे वर्षा के जल को अधिक से अधिक संग्रहित किया जा सके। जल के संग्रहण से जहाँ एक ओर पेयजल स्रोत रिचार्ज हो सकेंगे, वहीं कृषि के लिये भी पर्याप्त जल उपलब्ध हो सकेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि समाज की भागीदारी से जिस प्रकार अभियान अंतर्गत काम हो रहे हैं, उसके सकारात्मक प्रभाव आने वाले समय में देखने को मिलेंगे। उन्होंने वर्षा की एक-एक बूँद के संग्रहण के लिये समाज के सभी वर्गों से सहभागी बनने का आह्वान किया है।

**भावी पीढ़ी के लिये जल उपलब्धता का सुरक्षा कवच**

भिण्ड में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत् नगर परिषद मेहगांव के वार्ड नंबर 13 वनखण्डेश्वर मंदिर पर 55.63 लाख रूपये की लागत से वॉटर बॉडी और कुओं की मरम्मत कार्य का भूमि-पूजन किया। उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान को भावी पीढ़ी के लिए जल उपलब्धता का सुरक्षा कवच बताया। मंत्री श्री शुक्ला एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती भदौरिया ने जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत वनखण्डेश्वर मंदिर परिसर में बने तालाब पर श्रमदान कर उसकी सफाई की। साथ ही मंदिर प्रांगण में जामुन, आम, आंवला सहित





विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया।

ऊर्जा मंत्री श्री शुक्ला ने कार्यक्रम को संबोधित कर कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में विगत वर्ष चलाये गये जल गंगा संवर्धन अभियान के सार्थक परिणाम देखने को मिले। इस वर्ष भी ये अभियान पूरे प्रदेश में जन अभियान बन गया है।

**देवास में होमगार्ड जवानों ने क्षिप्रा शुद्धिकरण के लिए किया श्रमदान**

देवास के होम गार्ड की टीम ने ग्राम हिरली में क्षिप्रा नदी के किनारों पर सफाई अभियान चलाया। होम गार्ड टीम के साथ जनप्रतिनिधि, ग्रमीण, और स्कूली बच्चे भी जुटे और हिरली गांव के तटों से 40 ट्रॉली कचरा बाहर निकाला गया। उज्जैन सिंहस्थ से पहले क्षिप्रा को शुद्ध बनाने के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है।

**छिंदवाड़ा में पानी बचाने के लिये नुक्कड़ नाटक**

जल गंगा संवर्धन अभियान में छिन्दवाड़ा में विकासखंड-मोहखेड़ के गांव खुनाझिर कलाँ में नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। पंचायत परिसर में नवांकुर संस्था-प्रभात युवा विकास मंडल के अभिनेताओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जल संरक्षण, स्वच्छता, ठोस कचरा प्रबंधन का संदेश दिया। नुक्कड़ नाटक के बाद जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई।

## पहलगाम में आतंकी हमले के विरोध में आधे दिन बंद रहा भोपाल

**-सूने रहे बाजार, व्यापारियो ने मौन धारण और जुलूस निकालकर जताया विरोध**



भोपाल(ए)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का विरोध देश भर में जारी है। इसी कड़ी में भोपाल में शनिवार को आतंकी हमले के विरोध में आधे दिन बाजार बंद रखे गए। भोपाल में चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (बीसीसीआई) द्वारा बंद का आह्वान किया गया था, जिसका शहर के व्यापारिक संगठनों ने समर्थन किया। चेंबर सदस्यो ने बताया, सभी व्यापारिक संगठनों से सहमति के बाद राजधानी के बाजार शनिवार को आधे दिन बंद रखे गये। दोपहर 2 बजे के बाद दुकानें खुलना शुरू हुईं। बंद के दायरे से इमरजेंसी मेडिकल सेवा को बाहर रखा गया था। भोपाल के पुराने शहर में स्थित थोक किराना बाजार जनकपुरी, हनुमानगंज और जुमेराती पूरी तरह से बंद रहे। इस दौरान दयानिधि सामाजिक संस्था के लोगों ने आतंकी की हमले की निंदा करते हुए दो मिनट का मौन रख आतंकी हमले में जान गंवाने वाले मृतको को श्रद्धांजलि अर्पित की। बंद का पूरा असर आजाद मार्केट, सिंधी मार्केट, लखेरापुरा, ललवानी, मारवाड़ी रोड़, चौक सराफा बाजार, इतवारा, बुधवारा, पीरगेट, हमीदिया रोड़, सहित बैरागढ़, करोंद, न्यूमार्केट, एमपी नगर, दस नंबर मार्केट, बिट्टन मार्केट, बरखेड़ा, पिपलानी, आनंदनगर सहित सभी बाजारों में नजर आया। इसके साथ ही राजधानी करोंद स्थित कृषि उपज मंडी में भी बंद के दौरान अनाज की नीलामी नहीं हुई। पुराने शहर के चौक बाजार व्यापारी संघ के तत्वाधान में आधे दिन बाजार बंद रखा गया। इस दौरान सभी व्यापारियो ने एकत्रित होकर बाजार में जुलूस निकालते हुए आतंकवाद के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

## निगम के अमले ने की अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही

भोपाल (आरएनएस)। नगर निगम द्वारा सड़कों, फुटपाथों, कॉरीडोर व सार्वजनिक स्थलों आदि से अतिक्रमणों को हटाने तथा अवैध निर्माणों को तोड़ने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इसी तारतम्य में निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने सीएम हेल्पलाईन व अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के निवारण तथा निगम की नियमित कार्यवाही के तहत शहर के अनेक क्षेत्रों से अतिक्रमणों एवं अवैध निर्माणों को हटाने की कार्यवाही करते हुए अवैध रूप से बनाया गया जीना, पक्की दीवार, झुग्गी, छप्पर आदि को तोड़ने की कार्यवाही की तथा सड़कों, फुटपाथों आदि पर अवैध रूप से रखी गन्ने की चरखी, ठेले, गुमठी, दो पहिया वाहन, बेरिकेट्स एवं दुकानों के बाहर रखा विभिन्न प्रकार का सामान हटाया और 02 ठेले जप्त करने की कार्यवाही की। निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन के निर्देश पर निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने शनिवार को दुर्गा नगर, 80 फिट रोड, अशोका गार्डन, माता मंदिर, नेहरू नगर चौराहा, न्यू मार्केट नो-व्हीकल जोन, आनंद नगर, खजूरी कलां, एस.ओ.एस, बैरागढ़ साधु वासवानी स्कूल, ईदगाह हिल्स, वाजपेयी नगर, बिहारी मोहल्ला, सुभाष नगर, जवाहर चौक से भारत माता चौराहा तक, एम.पी.नगर जोन-01, डी.बी.मॉल, 11 मील ब्रिज के नीचे, कोलार डीमार्ट, जे.के. हास्पिटल, लिंक रोड नं. 01, 02 एवं 03 आदि क्षेत्रों में अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही करते हुए दुर्गा नगर 80 फिट रोड पर लगाये गये बेरिकेट्स हटाये साथ ही न्यू मार्केट नो व्हीकल जोन में खड़े लगभग 40 दो पहिया वाहनों, खजूरी कला क्षेत्र में अवैध रूप से निर्मित 02 छप्पर, बैरागढ़ साधु वासवानी स्कूल के पीछे सड़क पर अवैध रूप से बनाया गया जीना, सुभाष नगर क्षेत्र में 02 अवैध झुग्गियां तथा 01 पक्की दीवार को तोड़ने की कार्यवाही की।

### शादी के 10 साल बाद पति पर लगाया धर्म बदलने के लिये दबाव बनाने का आरोप

भोपाल (ए)। महिला थाना पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर उसके पति के खिलाफ मध्य प्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम की धाराओं में मामला दर्ज किया है। पीड़िता का आरोप है, कि शादी के पहले पति ने कहा था की दोनो अपने-अपने धर्म का पालन करेगें। लेकिन थोड़े दिनो बाद ही पति मुस्लिम धर्म अपनाने के लिए दबाव बनाने लगा। पुलिस के अनुसार श्यामला हिल्स इलाके में रहने वाली 43 साल की महिला ने अपनी शिकायत में बताया कि 20 दिसंबर 2014 को उसकी शादी एयरपोर्ट रोड, भोपाल निवासी गानिम अली से हुई थी। 25 अप्रैल को उन्होंने शादी को रजिस्टर्ड करवाया। गानिम अली को वह साल 2012 से पहचानती है। पीड़िता का कहना है, कि गानिम से शादी इस शर्त पर हुई थी, कि वह वह दोनो अपने-अपने धर्म का पालन करेंगे। लेकिन शादी के थोड़े समय बाद ही गानिम उसे मुस्लिम धर्म अपनाने के लिये प्रताड़ित करने लगा। 29 जुलाई 2022 को उसके पिता की मृत्यु होने के समय वह पति के साथ दुबई में थी। पति ने उसे उसके पिता के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिये जाने नहीं दिया।

## पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय ने रेलवे के एरिया ट्रेनिंग सेंटर का निरीक्षण किया





**जीएम ने रेल प्रशिक्षुओं से संवाद भी किया**

भोपाल (निप्र)। रेलवे में चलाए जा रहे संरक्षा अभियानों से रेल संरक्षा को मजबूती मिल रही है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय ने आज भोपाल मंडल स्थित रेलवे के एरिया ट्रेनिंग सेंटर (एटीसी) का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने इंजीनियरिंग एवं परिचालन विभाग के संरक्षा से जुड़े ट्रैकमैन, गैंगमैन, प्वाइंट्समैन, स्टेशन मास्टर एवं गार्ड जैसे प्रशिक्षुओं से सीधा संवाद किया । महाप्रबंधक ने कर्मचारियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने और ड्यूटी के दौरान संरक्षा पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया। महाप्रबंधक ने निर्माणाधीन कंप्यूटर आधारित परीक्षा हॉल तथा नियंत्रण कक्षों का भी सघन निरीक्षण किया। प्रशिक्षण केंद्र की विभिन्न कक्षाओं में जाकर चल रही गतिविधियों का भी जायजा लिया और भविष्य की योजनाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान श्रीमती बंदोपाध्याय ने अधिकारियों को प्रशिक्षण की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए और कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रमों को इस प्रकार डिजाइन किया जाए कि यह कर्मचारियों को तकनीकी रूप से दक्ष बनाए। उन्होंने रेल अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे ट्रेनिंग ले रहे कर्मचारियों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराएँ। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी, अपर मंडल रेल प्रबंधक श्रीमती रश्मि दिवाकर, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक रोहित मालवीय, वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) ऋतुराज शर्मा, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी विजय सिंह ,मंडल अभियंता मुख्यालय श्याम नगर सहित अन्य अधिकारीगण एवं सभी पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

### विवादों में बने विधायकों पर भाजपा सख्त,प्रदेश मुख्यालय बुलाया

भोपाल।(आरएनएस)। मध्यप्रदेश में विवादों में बने विधायकों पर भाजपा संगठन ने सख्त रवैया अपनाया है।। ऐसे विधायकों को पार्टी के प्रदेश दफ्तर बुलाया गया है।भाजपा ने पार्टी की छवि खराब करने के मामले में शनिवार को अपने दो विधायक प्रदीप पटेल और प्रीतम लोधी के साथ ही देवास की महापौर गीता अग्रवाल, सागर की महापौर संगीता सुशील तिवारी और बीना नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में तलब किया था।इनमें से मऊगंज के विधायक प्रदीप पटेल और बीना नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार भोपाल पहुंचे। इनसे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा और सीएम डॉ. मोहन यादव ने बात की।भाजपा संगठन ने साफ कहा है कि पार्टी जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं की बयानबाजी और कामों में अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं करेगी। सभी से पार्टी लाइन का पालन करने को कहा गया है।प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा है कि बुलाने पर भी न आने को लेकर सागर महापौर को नोटिस दिया जा रहा है। वहीं महिला से छेड़छाड़, अश्लील चैट वायरल करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में सतना के पूर्व जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नेपानगर विधायक की बहन के विवाह समारोह में नव दंपति को रामायण भेंट की।

## इटारसी से होते हुए कानपुर से बेंगलुरु के मध्य चलेगी स्पेशल ट्रेन

भोपाल (निप्र)। समर के दौरान अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लियर करने और उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से कानपूर सेन्ट्रल-एसएमवीबी बेंगलुरु-कानपूर सेन्ट्रल साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन विशेष किराये पर 06-06 ट्रिप रेल प्रशासन द्वारा चलाने का निर्णय लिया गया है। इस गाड़ी में वातानुकूलित एवं शयनयान श्रेणी के कोच रहेंगे। यह गाड़ी पश्चिम मध्य रेल के सतना, कटनी, जबलपुर एवं इटारसी स्टेशनों से होकर गन्तव्य को जाएगी।

गाड़ी संख्या 04131 कानपूर सेन्ट्रल-एसएमवीबी बेंगलुरु साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन दिनांक 27 अप्रैल से 01 जून 2025 तक प्रत्येक रविवार को कानपूर सेन्ट्रल स्टेशन से रात 19:50 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन सतना मध्यरात्रि 02:50 बजे, कटनी भोर 04:15 बजे, जबलपुर सुबह 05:35 बजे, इटारसी 09:25 बजे पहुँचकर और तीसरे दिन मंगलवार शाम 18:30 बजे एसएमवीबी बेंगलुरु स्टेशन पहुँचेगी।

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 04132 एसएमवीबी बेंगलुरु-कनकपुर सेन्ट्रल साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन दिनांक 30 अप्रैल से 04 जून 2025 तक प्रत्येक बुधवार को एसएमवीबी बेंगलुरु स्टेशन से सुबह 07:10 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन इटारसी दोपहर 12:30 बजे,



जबलपुर दोपहर 15:45 बजे, कटनी शाम 17:05 बजे, सतना 18:30 बजे पहुँचकर और तीसरे दिन शुक्रवार मध्यरात्रि 02:00 बजे कानपूर सेन्ट्रल स्टेशन पहुँचेगी।

रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में फतेहपुर, प्रयागराज, शंकरगढ़, मानिकपुर, सतना, कटनी, जबलपुर, इटारसी नागपुर, बल्लारशाह, सिरपुर कागजनगर, बेल्लमपल्ली, मंचेरियल, वारंगल, खम्मम, विजयवाड़ा, चीराला, ओंगोल, नेल्लूर, गुडुर, पेरम्बूर, अरक्कोणम जंक्शन, काटपाडी, जोलारपेट्टई, बांगरपेट एवं कृष्णराजपुरम स्टेशनों पर रुकेगी। स्पेशल ट्रेन के ठहराव की विस्तृत जानकारी स्टेशन, रेल मदद 139 अथवा ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त कर सकते है।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान में फंसी इंजीनियर की दुल्हन

भोपाल (आरएनएस)। हार्डवेयर इंजीनियर उवैस की दुल्हन हिरा पाकिस्तान में फंस गई है। पहलगाम आतंकी हमले के पाकिस्तान ने उनके वीजा को मंजूरी नहीं दी। इससे उनका भारत आना एक बार फिर टल गया। यह पहली बार नहीं है जब राजनीतिक हालात ने उनके रिश्ते में रुकावट डाली है।इससे पहले पुलवामा हमले के समय भी इनकी शादी की तैयारियां अंतिम दौर में थीं। हिरा अपने परिवार के साथ भारत आने वाली थी। लेकिन हमले के बाद वीजा अस्वीकृत हो गया। तब ऑनलाइन निकाह ही आखिरी विकल्प बचा था। मार्च 2024 में ही दोनों ने ऑनलाइन निकाह किया था।कोहेफिजा के रहने वाले हार्डवेयर इंजीनियर उवैस खान ने बताया कि हम दोनों की मोहब्बत 16 साल पुरानी है। निकाह की राह भी तकनीक के सहारे पार की। जब मिलने का समय आया तो सरहद के दोनों तरफबिगड़े हालात इस मिलन की राह में दीवार बन गए हैं। उवैस अपनी दुल्हन को भारत लाने के लिए पूरी तैयारी कर चुके थे। वीजा, टिकट और दस्तावेज सब तैयार थे। 19 मई को हिरा को लेकर लौटना था। लेकिन पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान ने वीजा मंजूरी रोक दी। इससे पहले पुलवामा हमले के वक्त भी दोनों का मिलन अधूरा रह गया था। उन्होंने बताया कि वह पाकिस्तान जाकर अपनी पत्नी हिरा को भारत लाने वाले थे। इसके लिए अमृतसर से लाहौर की ट्रेन का टिकट बुक कर लिया गया था। वीजा भी मिल चुका था। मगर, पहलगाम हमले के बाद हालात ऐसे बदले कि सरहदें फिर सख्त हो गई।उवैस बताते हैं कि हिरा का ननिहाल भोपाल में ही है। बचपन में वह अक्सर भोपाल आया करती थी। यहीं दोनों की मुलाकात हुई। 16 साल से दोनों का अफेयर चल रहा है। निकाह के बाद दस्तावेजों से लेकर पासपोर्ट और दूतावास की औपचारिकताएं पूरी हो चुकी थीं। मगर अब राजनीतिक हालातों ने फिर से दोनों को अलग कर दिया है।

### एम्स में 9वां किडनी ट्रांसप्लांट सफल, मां ने दिया बेटे को नया जीवन

भोपाल (आरएनएस)। भोपाल एम्स में डेढ़ साल से किडनी की बीमारी से जूझ रहे युवक का 21 अप्रैल को किया गया ट्रांसप्लांट पूरी तरह से सफल रहा। पिछले डेढ़ साल से किडनी रोग से पीड़ित बिहार के 24 वर्षीय युवक को उसकी मां ने अपनी किडनी दी है। युवक को पैरों में सूजन और कमजोरी के कारण एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसे किडनी फैलियर की जानकारी मिली और डॉक्टरों ने ट्रांसप्लांट की सलाह दी।एम्स दिल्ली में चार महीने लंबी वेटिंग लिस्ट के चलते मरीज बेहतर विकल्प की तलाश में भोपाल एम्स पहुंचा। यहां डॉक्टरों ने तुरंत आवश्यक जांचें शुरू की। क्रॉस-मैचिंग में युवक की किडनी उसकी मां से मेल खा गई। मां ने बिना किसी हिचकिचाहट के अपनी किडनी दान करने का फैसला किया। 21 अप्रैल को ट्रांसप्लांट सफलतापूर्वक किया गया। यह एम्स भोपाल में हुआ नौवां किडनी ट्रांसप्लांट है।एम्स में ऐसे बच्चे भी हैं जिनका पीडियाट्रिक किडनी ट्रांसप्लांट होना है। इनमें से एक बच्चे की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। डोनर और रिसीवर के बीच मैच होने के बाद ट्रांसप्लांट किया जाएगा। एम्स भोपाल में पहला किडनी ट्रांसप्लांट 22 जनवरी 2024 को हुआ था, जिसमें परिजनों ने किडनी दान की थी। वहीं, ब्रेन डेड मरीज से अंग प्राप्त कर (कैडेवर डोनेशन) पहला ट्रांसप्लांट 8 नवंबर 2024 को किया गया। नेशनल ऑर्गन एंड टिशू ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन की एनुअल रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2023 में देशभर में कुल 1,099 कैडेवर डोनेशन (ब्रेन डेड मरीजों से) हुए। इनमें से तेलंगाना में सबसे ज्यादा 252 डोनेशन हुए, जबकि मध्यप्रदेश में यह संख्या मात्र 8 रही।

### करोंद क्षेत्र के पीपुल्स मॉल में युवक पर चाकू से हमला

भोपाल (आरएनएस)। करोंद इलाके स्थित पीपुल्स मॉल में एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया गया। युवक अपनी मंगेतर के साथ घूमने गया था। हमलावर ने बेवजह गाली-गलौज की और विरोध करने पर सिर और चेहरे पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए। घटना के बाद उसे गंभीर हालत में हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसके सिर और चेहरे पर करीब 25 टांके आए हैं। घटना 24 अप्रैल की शाम करीब 7:30 बजे की है। समी तलैया थाना क्षेत्र स्थित फिजा अस्पताल के पास पंचमुखी हनुमान मंदिर इलाके का रहने वाला है।समी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपनी मंगेतर जोया के साथ पीपुल्स मॉल में घूम रहा था। आइसक्रीम लेने वह पास की दुकान गया, तभी एक अज्ञात युवक आया और बेवजह उसे गालियां देने लगा। जब समी ने विरोध किया तो युवक ने अपनी कमर से चाकू निकालकर समी के सिर पर वार कर दिया। हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया।समी के भाई शादाब ने बताया कि घटना की सूचना तत्काल निशातपुरा थाने को दी गई थी, लेकिन 24 घंटे से ज्यादा समय बीतने के बाद भी न तो आरोपी की गिरफ्तारी हुई है और न ही मॉल के सीसीटीवी फुटेज निकाले गए हैं। शादाब ने बताया कि समी की हालत गंभीर बनी हुई है और परिजन पुलिस से त्वरित कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। वहीं समी ने बताया कि वह हमलावर को पहचान सकता है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ निशातपुरा थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### राज्यमंत्री जायसवाल ने दी अंतर्राष्ट्रीय मूर्तिकला दिवस की शुभकामनाएं

भोपाल (आरएनएस)। कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने प्रदेशवासियों और मूर्तिकारों को अंतर्राष्ट्रीय मूर्तिकला दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मूर्तिकला दिवस हर साल अप्रैल के आखिरी शनिवार को मनाया जाता है। इस दिन को अंतर्राष्ट्रीय मूर्तिकला केंद्र द्वारा स्थापित किया गया था और इसका उद्देश्य दुनियाभर में मूर्तिकला के प्रति जागरूकता, प्रशंसा और आनंद बढ़ाना है। राज्यमंत्री जायसवाल ने कहा कि कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग मूर्तिकला में महत्वपूर्ण योगदान देता है। यह विभाग ग्रामीण कारीगरों को आर्थिक सहायता और कौशल विकास प्रदान कर उन्हें मूर्तिकला जैसे पारंपरिक हस्तशिल्पों को विकसित करने में मदद करता है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने, रोजगार के अवसर पैदा करने और पारंपरिक कला को जीवित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# जिले के औद्योगिक क्षेत्रों की समस्याओं का तत्परता से समाधान कराया जाएगा : कलेक्टर

## लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड की बैठक में औद्योगिक क्षेत्रों के प्रतिनिधियों को दिलाया भरोसा

ग्वालियर (ए.)। जिले के सभी औद्योगिक क्षेत्रों की समस्याओं का जिला प्रशासन द्वारा तत्परता से निराकरण कराया जाएगा। साथ ही राज्य शासन की औद्योगिक नीति के तहत उद्यमियों को औद्योगिक गतिविधियों के संचालन के लिए हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी। यह बात कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने जिला स्तरीय लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड की बैठक में कही। शनिवार को कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी के सभाकक्ष में आयोजित हुई बैठक में कलेक्टर श्रीमती चौहान ने मौजूद औद्योगिक क्षेत्रों के प्रतिनिधियों से कहा कि जिले के हर औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं व मांगों को सूचीबद्ध कर केलेण्डर तैयार करें। सूची में सड़क, बिजली, पानी, अतिक्रमण, साफ-सफाई व अन्य समस्याएं शामिल की जाएं। श्रीमती चौहान ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों की समस्याओं के निराकरण के लिए यथा संभव हर हफ्ते बैठक आयोजित की जाएगी। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने औद्योगिक क्षेत्रों के प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि औद्योगिक गतिविधियों के संचालन में बाधा डालने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा और उद्यमियों को अपना काम करने में



कोई दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने बैठक में मौजूद जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक को निर्देश दिए कि जिले के जो औद्योगिक क्षेत्र अधिसूचित नहीं है उन्हें शासन स्तर से अधिसूचित कराएं, जिससे उन क्षेत्रों में भी सरकार की औद्योगिक नीति के तहत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने सरकार द्वारा औद्योगिक इकाईयों के लिए उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की बैठक में खुलकर तारीफ की। प्रतिनिधियों का कहना था कि सरकार द्वारा औद्योगिक क्षेत्रों के विकास के लिए मांग से ज्यादा धनराशि उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही अनुदान भी समय पर उपलब्ध कराया जा रहा है। बैठक में चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष सोबरन सिंह तोमर सहित महाराजपुरा, बाराघाटा, बिरलानगर, शंकरपुर, गिरवाई व चिरवाई एवं गारमेंट व स्टोन पार्क सहित अन्य औद्योगिक क्षेत्रों के प्रतिनिधिगण एवं जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक के एस सोलंकी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

**फायर सेफ्टी का विशेष ध्यान रखने पर जोर**

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने बैठक में मौजूद सभी औद्योगिक क्षेत्रों के प्रतिनिधियों से जोर देकर कहा कि वे हर औद्योगिक इकाई में फायर सेफ्टी के पुख्ता इंतजाम रखें। फायर सुरक्षा उपकरण पर्याप्त हों , उनकी लगातार जाँच होती रहे और फायर सेफ्टी को लेकर नियमित मॉक ड्रिल भी की जाए। उन्होंने कहा कि फायर सेफ्टी के सस्ते और आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराने के लिए ग्वालियर में जल्द ही फायर सेफ्टी मेला लगाया जाएगा।



### इंदौर में एमपी टेक ग्रोथ कांक्लेव की तैयारियां पूर्ण

इन्दौर (ए.)। मध्यप्रदेश के तकनीकी विकास और औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इंदौर में 27 अप्रैल को आयोजित होने वाले एमपी टेक ग्रोथ कांक्लेव 2025 की तैयारियां पूर्ण हो गई हैं। महापौर पुष्यमित्र भार्गव तथा प्रदेश के अतिरिक्त मुख्य सचिव संजय दुबे ने आज आयोजन स्थल का दौरा कर स्थानीय जिला प्रशासन, पुलिस विभाग और अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह, नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। महापौर पुष्यमित्र भार्गव भी आयोजन स्थल पर पहुंचे और विभिन्न तैयारियों का अवलोकन कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

## जिला जेल में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन हुआ

धार (ए)। विशेष नशामुक्ति अभियान अंतर्गत नालसा (नशा पीडितों एवं नशा उन्मूलन के लिए विधिक सेवाएं) योजना 2015 अंतर्गत राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार विशेष न्यायाधीश श्रीमती मेरी मारग्रेट फ्रांसिस डेविड एवं सचिव प्रदीप सोनी द्वारा शनिवार को जिला जेल में विधिक साक्षरता शिविर सह जेल निरीक्षण किया गया। जिसमें श्रीमती मेरी मारग्रेट फ्रांसिस डेविड द्वारा सर्वप्रथम जेल में निरूद्ध महिला बंदियों से मुलाकात कर उनको मिल रही सुख-सुविधा की जानकारी ली गई तथा उनकी समस्याएं सुनी गई। निरीक्षण के दौरान जेल में निरूद्ध बंदीगण के रहन-सहन, पेय जल, खान-पान गुणवत्ता, साफ-सफाई, स्वास्थ्य सुविधा, विधिक सहायता आदि विषयों के बारे में जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिए गए एवं जेल बंदियों हेतु चलाए जा रहे व्यवसायिक प्रशिक्षण की भी जानकारी ली गई। इसी तारतम्य में सचिव श्री सोनी द्वारा जेल निरीक्षण के पश्चात समस्त बंदियों को उनके अधिकार, तम्बाकू के नशे के दुष्प्रभाव, पैरोल, अपील, विधिक सहायता आदि विषयों की जानकारी भी दी गई। साथ ही बताया गया कि जेल में निरूद्ध होना यह आपके प्रारब्ध का हिस्सा हो सकता है। इस समयकाल को सकारात्मक भावना के साथ व्यतित करना चाहिए, उर्जावान रहते हुए जेल में संचालित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम का लाभ लेकर आगामी भविष्य को उज्जवल बनाने हेतु अग्रेसित होना चाहिए। शिविर में मुख्य रूप से जिला विधिक सहायता अधिकारी सिमोन सुलिया सहित चीफ एल.ए.डी.सी.एस. सतीश ठाकुर, हर्षवर्धन चौहान उपस्थित थे।

## छात्रों की रचनात्मकता, सुतली से बने डोरमेट एवं दीवारों पर बने मांडने देख छात्रों की प्रशंसा की

धार (ए)। सीएम राइज विद्यालय धार में चल रहे ग्रीष्मकालीन शिविर में छात्रों के द्वारा प्रतिदिन नई-नई चीजें बनाई जा रही है। लगभग तीन सौ से अधिक छात्र प्रतिदिन अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन करते हुए पुरानी एवं व्यर्थ की सामग्री से नई-नई चीजें बना रहे हैं, जिन्हें देखकर हर कोई भी उनकी तारीफ करते नजर आ रहे है। इसी तारतम्य में विगत दिवस धार की एसडीएम रोशनी पाटीदार विद्यालय में चल रहे ग्रीष्मकालीन शिविर में पहुंची और उन्होंने विद्यालय की दीवारों पर बनाए जा रहे जनजातीय कलाकृतियां मांडणा भी देखें। इसके साथ ही श्रीमती पाटीदार ने विद्यार्थियों द्वारा सुतली से बनाए जा रहे बास्केट, सजावटी सामान, पुरानी साड़ियों से बनाए जा रहे डोरमेट, रुई से बनाएं जा रहे खिलौने, कपड़ों पर बंधेज व पेटिंग बनाना, कढ़ाई आदि भी देखे। उन्होंने छात्रों की प्रशंसा करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया और पुरस्कृत करने की घोषणा की। शिविर की गतिविधियों को और विद्यार्थियों की रचनात्मकता को देखने के बाद एसडीएम श्रीमती पाटीदार ने उनकी ओर से समस्त विद्यार्थियों को 30 अप्रैल को विशेष भोज देने एवं शिविर में भाग लेने वाले सभी छात्रों के लिए पुरस्कार देने की बात कहीं। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. स्मृति रत्न मिश्र ने विद्यालय में चल रहे शिविर में प्रतिदिन होने वाली गतिविधियों से एसडीएम श्रीमती पाटीदार को अवगत कराया।

# स्मार्ट सिटी संचालक मंडल की 37वी बोर्ड बैठक सम्पन्न



ग्वालियर (ए.)। ग्वालियर स्मार्ट सिटी की बोर्ड बैठक कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान की अध्यक्षता में शनिवार को आयोजित की गई। बैठक में स्मार्ट सिटी द्वारा संचालित परियोजनाओं और नगर निगम के डिपोजिट वर्क के संबंध में विस्तार से चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक मे स्मार्ट सिटी परियोजनाओ और डिपोजिट वर्क की शेष राशि से शहर विकास के लिये और क्या नई परियोजनाये ली जा सकती है इस पर भी विस्तार से चर्चा की गई। स्मार्ट सिटी के कंट्रोल कमाण्ड सेंटर के सभागार में आयोजित बोर्ड बैठक में संचालक मंडल के सदस्य ग्वालियर प्राधिकरण के सीईओ नरोत्तम भार्गव, नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय, स्मार्ट सिटी से जुड़े अधिकारी मौजूद

**बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय**

थे। साथ ही प्रशांत मेहता एवं भोपाल से नगरीय प्रशासन के मुख्य अभियंता आनंद सिंह वर्चुअल शामिल हुए। बैठक की शुरुआत मे नगर निगम आयुक्त व प्रभारी सीईओ स्मार्ट सिटी संघ प्रिय ने स्मार्ट सिटी द्वारा क्रियांवित परियोजनाओ व डिपोजिट वर्क की शेष राशि से शहर विकास के लिये किये जा सकने वाले विभिन्न कार्यो के बारे मे बोर्ड को बिंदू बार विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। बैठक मे आईएसबीटी पर कमर्शियल कॉम्पलेक्स का निर्माण, नगर निगम म्यूजियम का डिजीटाइलेशन कार्य, कन्वेशन सेंटर मे अतिरिक्त कार्य, गोले के मंदिर से एयरपोर्ट तक प्रीकास्ट डिवाइटर कार्य, फसाड लाइटिंग परियोजना का विस्तार, बसंत टॉकिज भूमि का उपयोग सहीत जल संरक्षण, प्रदुषण मुक्त वातावरण, ट्रैफिक सुधार इत्यादी संबंधित अन्य ऐसे कार्य जो स्मार्ट सिटी द्वारा आगे क्रियांवित किये जा सकते है उनपर बैठक मे विस्तार से चर्चा कि गई। बैठक मे कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने कहा कि आईएसबीटी पर कमर्शियल कॉम्पलेक्स बनाने की योजना के पूर्व भूमि के आवंटन और प्राप्ति संबंधित सभी जरुरी प्रक्रिया को 45 दिन मे पूरा करने के बाद ही आगे की योजना को पीपीपी मोड पर क्रियाविंत करें। इस परियोजना को लेकर बोर्ड के सभी सदस्यो ने अपनी सैद्धान्तिक सहमती प्रदान की।

# बाल विवाह रोकने हेतु जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा पोस्टर जारी कर दिया संदेश




दतिया (ए.)। जिला प्रशासन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास अरबिंद उपाध्याय के द्वारा जिला पंचायत सभागार में आयोजित बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा धीरू दांगी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत दतिया अक्षय कुमार तेम्रवाल एवं जिला पंचायत सदस्यों द्वारा जनसामन्य को एक पोस्टवर जारी कर यह संदेश दिया गया। बाल विवाह में जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों को सेवा का अवसर न दें। हम यह नहीं चाहते कि आप अपनों बालक- बालिका का विवाह 21 वर्ष एवं 18 वर्ष से कम उम्र में करें और वहां पर प्रशासनिक अधिकारी आकर विधिक कार्यवाही करें बल्कि यह चाहते है कि सभी नागरिक अपने बच्चों का विवाह बाल विवाह अधिनियम 2006 के अनुसार निर्धारित आयु पूर्ण करने के उपरांत ही करें। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दतिया अक्षय कुमार तेम्रवाल द्वारा उपस्थित अधिकारियों को बाल विवाह की सूचना प्राप्त करने एवं उन शिकायतों पर कार्यवाही करने हेतु कहा ताकि जिले में बाल विवाह की शिकायतों पर कड़ी कानूनी कार्यवही की जा सके। जिला कार्यक्रम अधिकारी अरबिंद उपाध्याय द्वारा जानकारी देकर बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत बाल विवाह कानूनन अपराध है। बाल विवाह की रोकथाम हेतु बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 लागू किया गया है जिसमें 18 वर्ष से कम उम्र की लडकी एवं 21 वर्ष से कम उम्र के लड़के का विवाह किया जाता है तो विवाह कराने वाले माता पिता, विवाह में शामिल होने वाले (घराती-बराती) बैंड, टेंट, मैरिज ब्यूरो, पुजारी आदि सभी को दो वर्ष का कठोर कारावास अथवा 1 लाख रूपये का जुर्माना या दोनो सजाओं का प्रावधान है।

## व्यापार समाचार

# भारत में डॉप्लर रडार की संख्या 37 से बढ़कर वर्ष 2026 के अंत तक 126 हो जाएगी

नई दिल्ली (ए.)। केंद्र सरकार ने डॉप्लर वेदर रडार नेटवर्क की संख्या 2026 तक बढ़ाने की योजना बनाई है। वर्तमान में 37 रडार ऑपरेशनल हैं जिनकी संख्या 2025-26 (अप्रैल 2025 - मार्च 2026) तक 73 और 2026 के अंत तक 126 तक करने की योजना है।

डॉप्लर वेदर रडार नेटवर्क एक खास तरह का रडार सिस्टम है, जिसका इस्तेमाल मौसम की निगरानी और पूर्वानुमान लगाने के लिए किया जाता है।

नए इंस्टॉलेशन को बेंगलुरु, रायपुर, अहमदाबाद, रांची, गुवाहाटी और पोर्ट ब्लेयर जैसे उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में स्थापित किया जा रहा है।

केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह की अध्यक्षता में भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) और प्रमुख मंत्रालयों की एक उच्च स्तरीय बैठक के दौरान इसकी घोषणा की गई, जिसमें भारत की मौसम और आपदा तैयारियों की समीक्षा की गई और सटीक पूर्वानुमान के लिए रोडमैप तैयार किया गया।



केंद्रीय मंत्री सिंह ने डॉप्लर मौसम रडार (डीडब्ल्यूआर) कवरेज के विस्तार और देश भर में मेट्रोलॉजिकल सिस्टम के आधुनिकीकरण में तेजी लाने का आह्वान किया।वर्तमान में दिल्ली में 18 ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन (एडब्ल्यूएस) संचालन में हैं। समीक्षा के दौरान, केंद्रीय मंत्री ने अधिकारियों को 50 अतिरिक्त सिस्टम की स्थापना में तेजी लाने का निर्देश दिया, जिसका दीर्घकालिक लक्ष्य 100 एडब्ल्यूएस है।इस कदम का उद्देश्य मौसम पूर्वानुमान के इंफ्रास्ट्रक्चर को वैश्विक मानकों के बराबर लाना है। इस नेटवर्क का उद्देश्य चरम मौसम की घटनाओं पर नजर रखने में भारत की क्षमता बढ़ाना है।

डॉ. सिंह ने रियल-टाइम और ऐसे पूर्वानुमान की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने इम्पैक्ट बेस्ड फोरकास्टिंग की बात की, जिससे समय रहते नुकसान कम किया जा सके और जनहानि को रोका जा सके।केंद्रीय मंत्री ने कहा, कोई भी मौसम संबंधी खतरा अनदेखा या अप्रत्याशित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने देश के हर कोने तक पहुंचने वाले एक मजबूत अर्ली वॉर्निंग सिस्टम को तैयार करने के सरकार के संकल्प को रेखांकित किया। केंद्रीय मंत्री ने रडार साइटों के चयन और पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए मिशन मौसम की प्रगति के बारे में जानकारी दी।

## भारत का विदेशी मुद्रा भंडार सर्वकालिक उच्च स्तर के करीब

नई दिल्ली (ए.)। अमेरिकी टैरिफ से दुनिया भर की अर्थव्यस्था परेशान है लेकिन भारत के विदेशी मुद्रा भंडार पर इसका कोई असर नहीं हुआ है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक, 18 अप्रैल, 2025 को खत्म हुए हफ्ते में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 8.31 अरब डॉलर बढ़कर 686.14 अरब डॉलर पर पहुंच गया। ये लगातार सातवां हफ्ता है, जब भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में बढ़ोतरी हुई है। इस दौरान देश में सोने के भंडार में भी इजाफा हुआ है। उधर, पड़ोसी देश पाकिस्तान के विदेशी मुद्रा भंडार में कमी की खबर है। इसके पहले 11 अप्रैल को खत्म हुए हफ्ते में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 1.57 अरब डॉलर बढ़कर 677.83 अरब डॉलर हो गया था। सितंबर, 2024 में विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 704.89 अरब डॉलर के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 18 अप्रैल को खत्म हुए हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार का महत्वपूर्ण हिस्सा फॉरेन करेंसी एसेट्स (एफसीए) 3.52 अरब डॉलर से बढ़कर 578.49 अरब डॉलर हो गईं।



## मारुति सुजुकी इंडिया का चौथी तिमाही का मुनाफा 4 प्रतिशत गिरा, कंपनी ने की 135 रुपए लाभांश की घोषणा

मुंबई (ए.)। मारुति सुजुकी इंडिया ने शुक्रवार को बताया कि वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 4.29 प्रतिशत घटकर 3,711.1 करोड़ रुपए रह गया। जबकि, पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 3,877.8 करोड़ रुपए था। स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग के अनुसार, मार्च 2025 की तिमाही में कंपनी का कुल खर्च सालाना आधार पर 8.55 प्रतिशत बढ़कर 37,585.5 करोड़ रुपए हो गया।हालांकि, कंपनी का परिचालन राजस्व सालाना आधार पर 5.86 प्रतिशत बढ़कर 38,848.8 करोड़ रुपए हो गया, जो एक साल पहले 36,697.5 करोड़ रुपए था।ऑटोमेकर ने कुल आय में भी मामूली वृद्धि दर्ज की, जो तिमाही के दौरान 40,674 करोड़ रुपए रही, जबकि एक साल पहले इसी तिमाही में यह 38,235 करोड़ रुपए थी।कंपनी की ईबीआईटीडीए से पहले की कमाई 4,264.5 करोड़ रुपए रही। कंपनी ने अपनी फाइलिंग में कहा कि ईबीआईटीडीए मार्जिन 10.5 प्रतिशत रहा।मुनाफे में गिरावट के बावजूद, कंपनी के बोर्ड ने वित्त वर्ष 2025 के लिए 135 रुपए प्रति शेयर के रिकॉर्ड अंतिम लाभांश की सिफारिश की है, जो कंपनी से घोषित अब तक का सबसे अधिक लाभांश है।यह आगामी वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में शेयरधारकों के अप्रूवल के अधीन है। लाभांश के लिए रिकॉर्ड तिथि 1 अगस्त है और भुगतान 3 सितंबर को किया जाएगा।कंपनी ने अपनी फाइलिंग में कहा, 31 मार्च को समाप्त वर्ष के लिए इक्विटी शेयरों पर लाभांश, अगर आगामी वार्षिक आम बैठक में घोषित किया जाता है तो सदस्यों को शुक्रवार, 1 अगस्त (रिकॉर्ड तिथि) को कारोबारी घंटों के अंत में भुगतान किया जाएगा। लाभांश के भुगतान की तिथि 3 सितंबर है। यह 19वीं बार है, जब मारुति सुजुकी इंडिया ने लाभांश घोषित किया है।

पिछले वर्षों में, कंपनी ने अगस्त 2024 में 125 रुपए प्रति शेयर, अगस्त 2023 में 90 रुपए प्रति शेयर और अगस्त 2022 में 60 रुपए प्रति शेयर के लाभांश की घोषणा की थी।

शुक्रवार के कारोबारी दिन कंपनी के शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 244 रुपए या 2.05 प्रतिशत की गिरावट के बाद 11,650 रुपए प्रति शेयर पर बंद हुए।

# हुंडई ने किया नौ संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं का चयन

नई दिल्ली (ए.)। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली में हुंडई मोटर ग्रुप ने हुंडई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर फ्यूचर मोबिलिटी टेक्नोलॉजी (हयूदै सीओई) का उद्घाटन किया है। हुंडई ने आईआईटीएस के साथ मिलकर नौ संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं का चयन किया है, जो बैटरी नवाचार पर केंद्रित हैं। इस पहल का उद्देश्य भविष्य की मोबिलिटी तकनीकों पर अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देना है, विशेष रूप से इलेक्ट्रिफिकेशन और बैटरी सिस्टम के क्षेत्र में। ये परियोजनाएं बैटरी सेल्स, बैटरी सिस्टम्स, परीक्षण, बैटरी प्रबंधन प्रणाली, ऊर्जा घनत्व में वृद्धि, सुरक्षा, टिकाऊपन और डायग्नोस्टिक तकनीकों जैसे प्रमुख क्षेत्रों को कवर करेंगी। हुंडई सीओई की संचालन समिति का नेतृत्व हुंडई मोटर ग्रुप के एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट चांग ह्वान किम और आईआईटी दिल्ली के प्रोफेसर बिजय केतन पाणिग्राही करेंगे। हुंडई मोटर ग्रुप के आर एंड डी डिवीजन के प्रमुख, हेउइवोन यांग ने कहा, हम भारत के सबसे उज्जवल दिमागों के साथ बैटरी नवाचार में काम करने को लेकर उत्साहित हैं।उनका मानना है कि इस सेंटर के माध्यम से, आईआईटी के प्रमुख शोधकर्ताओं और प्रोफेसरों के साथ सहयोग, विशेष रूप से भारत के लिए अनुकूलित तकनीकों के विकास में मदद करेगा, जिससे देश की अर्थव्यवस्था और समाज में भी योगदान मिलेगा। इसके अतिरिक्त, हुंडई ने अपने फ्यूचर टेक्नोलॉजी रिसर्च प्रोग्राम को भी बढ़ावा दिया है, जो 2021 से संचालित हो रहा है। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालयों के शिक्षकों को अपने अनुसंधान प्रस्ताव प्रस्तुत करने का अवसर मिलता है, जिसे हुंडई द्वारा समीक्षा कर चयनित किया जाता है।

# वित्त वर्ष 2026 में भारत के यात्री वाहन की बिक्री नई ऊंचाई पर पहुंचने की उम्मीद

नई दिल्ली (ए.)। भारत का यात्री वाहन (पीवी) उद्योग इस वित्त वर्ष में नई ऊंचाई पर पहुंचने के लिए तैयार है, जिसमें घरेलू और निर्यात की बिक्री कुल मिलाकर 5 मिलियन यूनिट को पार कर जाएगी। जबकि, वार्षिक वृद्धि दर धीमी होकर 2-4 प्रतिशत रह जाएगी। यह जानकारी शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई।

क्रिसिल रेटिंग्स की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि यह लगातार चौथा साल है, जब बिक्री रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है, हालांकि कोरोना महामारी के बाद वित्त वर्ष 2023 में 25 प्रतिशत की वृद्धि के बाद से बिक्री में काफी कमी आई है।

रिपोर्ट के अनुसार, नए लॉन्च, ब्याज दरों में कमी, सीएनजी को अपनाने में वृद्धि और ग्रामीण इलाकों में अनुकूल परिस्थितियों को देखते हुए यूटिलिटी व्हीकल (यूवी) इस वित्त वर्ष में बिक्री में वृद्धि को बढ़ावा देंगे।

क्रिसिल रेटिंग्स के वरिष्ठ निदेशक अनुज सेठी ने कहा, इस वित्त वर्ष में पीवी की वृद्धि दर 2-4 प्रतिशत तक रहेगी, लेकिन यूवी की वृद्धि दर 10 प्रतिशत रहेगी, जिसे नए लॉन्च का सपोर्ट प्राप्त है। यूवी वॉल्यूम का 68-70 प्रतिशत योगदान देगा।

उन्होंने कहा कि सामान्य से बेहतर मानसून और ब्याज दरों में कमी से ग्रामीण क्षेत्रों में सुधार की उम्मीद है, जिससे एंट्री लेवल कारों की मांग में



सुधार होगा।

बेहतर नकदी प्रवाह और मजबूत नकदी अधिशेष मूल उपकरण निर्माताओं (ओईएम) को अपने उच्च पूंजीगत व्यय को फंडिंग की अच्छी स्थिति में रखेगा और उनकी बैलेंस शीट मजबूत और क्रेडिट प्रोफाइल स्थिर रहेगी।

पिछले वित्त वर्ष में कुल वॉल्यूम में घरेलू बाजार का योगदान 85 प्रतिशत था, जबकि निर्यात का योगदान बाकी था।

फ्यूल मिक्स भी तेजी से विकसित हो रहा है। सीएनजी से चलने वाले पीवी की मांग बढ़ रही है। कम परिचालन लागत और 7,000 से अधिक रिफ्यूलिंग स्टेशनों के तेजी से बढ़ते नेटवर्क के कारण इस वित्त वर्ष में उनकी हिस्सेदारी 15 प्रतिशत तक पहुंचने की संभावना है।

रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है, मौजूदा भू-राजनीतिक तनाव निर्यात की गति को प्रभावित कर सकते हैं, लेकिन ओईएम मैक्सिको, खाड़ी देशों, दक्षिण अफ्रीका और पूर्वी एशिया जैसे वैकल्पिक बाजारों की ओर रुख कर सकते हैं।

क्रिसिल रेटिंग्स की निदेशक पूनम उपाध्याय ने कहा, इस वित्त वर्ष में पीवी कैपेक्स 30,000 करोड़ रुपए पर रहने की उम्मीद है, क्योंकि ओईएम क्षमता बढ़ा रहे हैं, ईवी निवेश में तेजी ला रहे हैं और स्थानीयकरण और डिजिटल अपग्रेड्स को बढ़ावा दे रहे हैं। हालांकि, यह हाई कैपेक्स सस्टेनेबल बना हुआ है, जिसे मजबूत आंतरिक स्रोतों और नकदी अधिशेष का समर्थन प्राप्त है, जिसमें कैपेक्स-टू-एबिटा 0.5 गुना पर स्थिर है।

## भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 704.8 बिलियन डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंचने के करीब

नई दिल्ली (ए.)। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार सातवीं बार बढ़ते हुए 686.14 बिलियन डॉलर हो गया है, जो पिछले साल नवंबर के बाद से उच्चतम स्तर है। यह वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच एक मजबूत अर्थव्यवस्था को दर्शाता है।भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के लेटेस्ट आंकड़ों के अनुसार, 18 अप्रैल को समाप्त अवधि के लिए देश के विदेशी मुद्रा भंडार में पिछले रिपोर्टिंग सप्ताह की तुलना में 8.31 बिलियन डॉलर की वृद्धि दर्ज की गई है।इससे पहले 11 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार में 1.57 बिलियन डॉलर की वृद्धि हुई थी।

सितंबर के अंत में 700 बिलियन डॉलर के अपने शिखर से भारी गिरावट के बाद विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार सुधार हुआ है।

सितंबर 2024 में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 704.885 बिलियन डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया।आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, 18 अप्रैल को समाप्त सप्ताह के लिए, विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां, जो कि भंडार का एक प्रमुख घटक है, बढ़कर 578.49 बिलियन डॉलर हो गई।आरबीआई ने बताया कि इस अवधि के दौरान स्वर्ण भंडार में 4.575 बिलियन डॉलर की वृद्धि दर्ज की गई, जो 84.572 बिलियन डॉलर तक पहुंच गई।बैंक के अनुसार, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 212 मिलियन डॉलर बढ़कर 18.568 बिलियन डॉलर हो गए।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## सभी की नजर बिहार पर

बिहार विधानसभा चुनाव की तारीखें जैसे-जैसे करीब आ रही हैं, वहां के विभिन्न जाति समूह, हित समूह अपनी शक्तियों का अधिकतम उपयोग करने के लिए अपने को फिर से स्थापित करने लगे हैं।

2024 के लोक सभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को जो खरोंच लगी थी, उसकी भरपाई हरियाणा, महाराष्ट्र के बाद दिल्ली विधानसभा के चुनाव में हो गई। अब सभी की नजर बिहार पर है जहां इस वर्ष विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं। भाजपा एनडीए का प्रमुख घटक दल है। बिहार में वह पिछले दो दशकों से जनता दल (यू) की जूनियर पार्टनर के रूप में काम करती रही है, लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि इस बार वह ड्राइविंग सीट पर रहना चाहती है।

भले ही चुनाव आयोग ने अभी बिहार में चुनाव की घोषणा नहीं की है, लेकिन राजनीतिक दलों की सक्रियता बढ़ गई है।दिल्ली में महागठबंधन के घटक दल राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस के नेताओं की मुलाकात हुई। उधर, पिछले महीने गृह मंत्री अमित शाह का दो दिवसीय बिहार दौरा हुआ था। इस महीने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बिहार जाने वाले हैं। राजनीतिक दलों और गठबंधनों की सक्रियता के बीच पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (पारस) एनडीए से अलग हो गई। इस राजनीतिक घटनाक्रम का बिहार विधानसभा चुनाव पर क्या असर पड़ेगा अभी कहना मुश्किल है, लेकिन इतना कयास अवश्य लगाया जा रहा है कि बिहार की राजनीति में यह लहरें पैदा कर सकता है। लोगों को याद होगा कि राम विलास पासवान के निधन के बाद उनके भाई पशुपति पारस ने शतरंज की ऐसी बिसात बिछाई थी जिसमें चिराग पासवान उलझ गए थे। पार्टी के सभी सांसद चिराग से अलग हो गए थे।

लेकिन देश की राजनीति में हाशिये पर चले गए चिराग 2024 के लोक सभा चुनाव के बाद एक नई ताकत के रूप में उभरे हैं। भाजपा ने चिराग के गुट को लोक सभा की 5 सीटें दीं और पांचों प्रत्याशी चुनाव जीत गए। अब सवाल उठता है कि क्या राष्ट्रीय जनता दल के इशारे पर पशुपति पारस एनडीए से अलग हो गए। जाहिर है कि एनडीए में वह पूरी तरह अलग-थलग पड़ गए थे। राजद, कांग्रेस और वामदलों के महागठबंधन में ऐसे दलित चेहरे की आवश्यकता है जो राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान रखता है। इस मायने में पशुपति पारस उपयुक्त नेता हो सकते हैं। अब देखना है कि आने वाले दिनों में बिहार की राजनीति में किस तरह की उथल-पुथल मचती है।



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद हेमा मालिनी ने लखनऊ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की।

# मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र वैश्विक स्तर पर तेजी से उभर रहा

गिरीश पाण्डे

भारत का विनिर्माण (मैन्युफैक्चरिंग) क्षेत्र वैश्विक स्तर पर तेजी से उभर रहा है। इसकी स्थिति में निरंतर सुधार देखा जा रहा है। वैश्विक विनिर्माण जोखिम सूचकांक-2021 में भारत ने अमेरिका को पीछे छोड़ते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया जबकि चीन पहले स्थान पर रहा।

इस रैंकिंग से पता चलता है कि अमेरिका और एशिया-प्रशांत क्षेत्र की तुलना में मैन्युफैक्चर्स भारत को पसंद कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि यह इंडेक्स यूरोप, अमेरिका तथा एशिया-पैसेफिक (एपीएसी) के 47 देशों में ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग के लिए आकषर्क या प्रॉफिटेबल डेस्टिनेशन की रैंकिंग करता है।

वर्तमान में विनिर्माण क्षेत्र देश के सकल घरेलू उत्पाद में 17त्न और 27.3 मिलियन से अधिक श्रमिकों के साथ देश की आर्थिक वृद्धि में अभिन्न स्तंभ के रूप में उभर रहा है। राष्ट्रीय विनिर्माण नीति (एनएमपी) के अनुसार, भारत का लक्ष्य 2025 तक अर्थव्यवस्था के उत्पादन का 25 प्रतिशत विनिर्माण से प्राप्त करना है। भारत में 2030 तक 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य के सामान निर्यात करने की क्षमता है, और इस प्रकार यह प्रमुख वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनने की राह पर है। 'मेक इन इंडिया', 'प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना', और 'उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना' जैसी नीतियों ने विनिर्माण क्षेत्र को सशक्त किया है।

सरकार ने विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए अन्य बहुत-सी योजनाएं भी बनाई हैं। इस क्षेत्र में विदेशी निवेश आकर्षित करने के लिए कई विशेष आर्थिक क्षेत्र (सेज) भी स्थापित किए हैं। घरेलू विनिर्माण ईकोसिस्टम बनाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग महत्त्वपूर्ण है, इसके लोकलाइजेशन के लिए नये सिरे से स्कीम बनाई जा रही है। इससे चीनी प्रतिस्पर्धियों की तुलना में स्थानीय निर्माताओं की प्रतिस्पर्धात्मकता में संभावित रूप से सुधार करने में मदद मिलेगी। ग्लोबलाइज्ड सप्लाई चेन और बढ़े हुए भू-राजनीतिक जोखिमों की दुनिया में उनकी बारगेनिंग पावर भी बढ़ेगी। विनिर्माण क्षेत्र में कच्चे पदार्थ को मूल्यवान उत्पाद में बदला जाता है। यह क्षेत्र विशेष रूप से श्रम आधारित है। इसमें मशीनरी, औजार और श्रम का इस्तेमाल किया जाता है। मगर विगत वर्षों में इसकी गति अपेक्षाकृत धीमी रही है।

विनिर्माण क्षेत्र में यद्यपि उत्पादन बढ़ा है, लेकिन विश्लेषक इसे नाकाफी बताते हैं। उनका मानना है कि बुनियादी ढांचे का अभाव, कुशल श्रम की कमी और ऋण प्राप्त करने की कठिनाइयां, व्यापार नीति में निरंतरता का अभाव और जटिल कानूनी प्रावधानों तथा शैक्षणिक एवं कौशल व्यवस्था की अपर्याप्तता आदि सभी इसको प्रभावित करते हैं। जमीन अधिग्रहण से लेकर बिजली पर आने वाले खर्च और तमाम मंजूरियां हासिल करने में लगने वाले वक्त से लेकर माल ढुलाई (लॉजिस्टिक) की लागत और कर विवाद आदि के कारण भारत देसी-विदेशी विनिर्माण कंपनियों के लिए सही जगह नहीं बन पाया है। यह क्षेत्र वैश्विक मांग में कमी और चीन जैसे देशों से बढ़ती प्रतिस्पर्धा से भी प्रभावित हुआ है।

चीन दुनिया में सबसे बड़ी विनिर्माण एवं व्यापारिक शक्ति बन चुका है। चीन 1 लाख करोड़ डॉलर से अधिक व्यापार अधिशेष (ऐसी स्थिति जब कोई देश आयात से अधिक निर्यात करता है) की स्थिति में है, जो बेमिसाल आंकड़ा है। मगर ट्रंप के सत्ता में दुबारा लौटने के बाद जिस प्रकार से चीन के साथ उसका टैरिफ वॉर चल रहा है, उसके मद्देनजर बड़ा सवाल यह भी खड़ा होता है कि चीन के उत्पादों का पश्चिमी देशों के बाजार में पहुंचना बंद हो जाएगा तो वे कहां जाएंगे? चीन तो इन उत्पादों का उत्पादन बंद नहीं करेगा क्योंकि यह उसकी अर्थव्यवस्था के लिए घातक होगा और अपस्फीति का जोखिम बढ़ जाएगा।

लिहाजा, चीन की अधिकांश कंपनियों के लिए निर्यात प्राथमिकता रहेगी। चीन से ये उत्पाद भारत जैसी विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में धकेले जाएंगे। ऐसे में विकासशील देशों के लिए जोखिम यह है कि चीन में तैयार उत्पाद उनके बाजारों में आने से वे अपना औद्योगिक ताना-बाना सुरक्षित रखने और आकार एवं दक्षता बढ़ाने के लिए संघर्ष करेंगे। इस खतरे की आशंका अधिक है कि चीन इन देशों में स्थानीय औद्योगिक आधार को कमजोर कर देगा जिससे वे आकार, लागत एवं तकनीक के मोर्चे पर चीन की औद्योगिक ताकत का मुकाबला नहीं कर पाएंगे। इसलिए हमें चीन से आने वाली वस्तुओं से निपटने की रणनीति तैयार करने और बेहतरीन एवं उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद तैयार करने के लिए अपने उद्योगों को सतर्क करना होगा और औद्योगिक गतिविधियों में कमी आने से रोकने और आपूर्ति व्यवस्था सुरक्षित रखने के लिए जरूरी उपाय करने होंगे।

यह भी गौर करने योग्य है कि अभी दूरसंचार सुविधाएं मुख्य रूप से बड़े शहरों तक ही सीमित हैं। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के लिए ऋण तक अनुकूल पहुंच की कमी और कार्यशील पूंजी की उच्च लागत भी एक बड़ी बाधा बनी हुई है। इसके अतिरिक्त, कमजोर या खराब आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन से इस क्षेत्र की लागत में वृद्धि होती है। विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए सरकार, उद्योग जगत, व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थानों आदि सभी हितधारकों के स्तर से मिले-जुले प्रयासों की आवश्यकता है।

# नष्ट होती पृथ्वी को बचाएं। पेड़ जीव जंतुओं का संरक्षण आवश्यक।



संजीव ठाकुर

जब हम अपने विकास का इतिहास देखते हैं तो ब्रिटिश सत्ता के दौरान हमारे संसाधनों का प्रकृति का अंधाधुंध दोहन होता रहा है। आजादी हमें मिली है यानी कि मानव को परंतु प्रकृति आजादी से अछूती रही है। अमूमन हमारी जरूरत रोटी, कपड़ा, मकान और जल की थी कि हमको उद्योग धंधे का विकास तीव्र गति से करना पड़ा। मशीनें जीती बड़ी से बड़ी होती गई आदमी उतना ही बौना होता गया। कृषि में नई नई तकनीक ट्रैक्टर, रसायनिक उर्वरक, कीटनाशकों के प्रयोग से भूमि बंजर होकर कराहाने लगी। विकास का सही मायने माननीय शक्तियों के साथ ऊर्जा और उसकी शक्ति तथा सामर्थ्य का सही उपयोग ही होगा। जब से हमने विकास के पथ पर उड़ान भरी है उद्योगों की चिमनी यों को ऊपर उठाया मोबाइल क्रांति का बटन दबाया ई-मेल पर सवार होकर विश्व संदेश को सुना तब से हमारे झरनों का कल कल स्वर और संगीत बंद हो गया, पक्षियों का कलरव बंद हो गया पक्षी अब चीत्कार कर रहे हैं।

नदी नाले सूखकर मृतप्राय हो गए हैं। समुद्र की लहरों की झंकार विलुप्त हो गई है और पानी खारा और खारा हो गया है। अब हमें यह सोचना है कि विकास के नाम पर हमें ग्रीन इंडिया चाहिए या इंटरनेट की सवारी कर डिजिटल इंडिया चाहिए। बच्चों की झोली में इंटरनेट को डालकर डिजिटल जेनरेशन का सपना देखना चाहिए या प्रकृति की गोद में सुगंधित वायु की लहरों में खो जाना चाहिए। झरनों में बैठकर नौका विहार का आनंद लेना चाहिए या कंप्यूटर में बैठकर नेट खोल कर नन्हे मुन्ने की आंखों पर जोर डालकर उन्हें चश्मा वाला बनाना चाहिए। हरा भरा हिंदुस्तान यानी कि ग्रीन इंडिया और डिजिटल इंडिया का सपना नदी के दो कभी ना मिलने वाले किनारे हैं। विकास के नाम पर असीमित उद्योग धंधों की बाढ़ आ गई है। भूमि समाप्त हो रही है साथ ही हमारी वायु विषैली हो गई है। रात में शहरी मकानों मैं बिजली के झालरों के सामने आकाश में रात्रि के तारों की चमक फीकी पड़ गई है। जंगलों को हम ऐसे साफ करते गए जैसे सड़क पर रोड रोलर चला रहे हैं। नगर बने ,महानगर बने ,मकान बने किंतु अब घर गायब होते गए, हमें तब सुध आई जब चिड़िया चुग गई खेत, हमें विकास के नाम पर मानव सभ्यता से जुड़ी जमीन पानी, हरियाली,पक्षी जानवर सब चाहिए केवल अंधाधुन्ध कंक्रीट का विकास या इंटरनेट की रफ्तार नहीं चाहिए। इसके लिए हमें संसाधनों के अंधाधुंध प्रयोग पर अंकुश लगाना होगा। संसाधनों का इस्तेमाल अतिरेक में नहीं होना चाहिए । महात्मा गांधी ने खुद कहा है कि पृथ्वी पर सभी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संसाधन है, किंतु मानव की लालच को पूरा करने का कोई साधन नहीं है। हम प्राकृतिक परियोजना तथा परिस्थितिकी की परियोजनाओं का स्वागत करना होगा सम्मान करना होगा। हमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सौर, पवन, बायोगैस, ज्वार तरंग लहरों को ऊर्जा का आधार बनाना होगा।भारत में परिस्थितियां बड़ी विषम है एक तरफ सोडियम लाइट से नहाती दिल्ली ,मुंबई ,बेंगलुरु की रंगीन सड़कें हैं, ऊंची ऊंची इमारतें हैं, तेज गति की मेट्रो है,वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का लुफ्त उठाते हुए युवक युवतियां है, दूसरी तरफ पसीने से भीगा हुआ किसान हैं। कैरोसिन की चिमनी में बच्चों को कहानी सुनाती माताएं हैं। यानी कि इतनी डिजिटल विषम बताएं भारत के अलावा विश्व के किसी भी कोने में नहीं है। भारत में विकास के नाम पर डिजिटलाइजेशन करने की आवश्यकता जरूर है पर गांव जंगलों नदियों और प्राकृतिक संसाधनों के निरस्तीकरण और विनाश की कीमत पर नहीं। हमें यह साबित करना होगा कि भारत के विकास की हरित क्रांति के साथ-साथ डिजिटल इंडिया भी विकास की गति को बढ़ा रहे हैं।

## बढ़ता तापमान इंसानों के लिए खतरे की घंटी

– मुकेश तिवारी

पूरी दुनिया के वैश्विक तापमान में द्रुत गति से परिवर्तन हो रहा है। यहां तक कि ऋतु चक्र में भी बदलाव रहा है। पृथ्वी के औसत तापमान में भी वृद्धि हो रही है, यह सिर्फ मौसमी बदलाव नहीं है, बल्कि गंभीर पर्यावरणीय संकट के लक्षण है। गौरतलब है कि पहले जहां गरमी का प्रकोप सिर्फ मैदानी इलाकों तक सीमित रहता था। लेकिन अब यह शनै - शनै पहाड़ी इलाकों तक पहुंचने लगा है।लेकिन हम कथित विकास की मदहोशी से जाग नहीं पा रहे जबकि तल्ख सच्चाई यह है। कि पर्यावरण या जैव विविधता संरक्षण सीधे-सीधे हमारे अस्तित्व से जुड़ा मसला है। समूचे विश्व में 2 लाख किस्म के पौधे और 10 लाख 50 हजार प्रजातियों के प्राणी है। इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन आफ़ नेचर की एक रिपोर्ट के मुताबिक विश्व में जीव जंतुओं की 47677 विशेष प्रजातियों में से एक तिहाई से अधिक यानी की 15890 प्रजातियों पर विलुप्त होने का खतरा मंडरा रहा है।साल दर साल गर्मी कहर बरपाती जा रही है। इस साल भी अप्रैल के महीने में तापमान 44 डिग्री पर पहुंचचुका है। पृथ्वी का तेजी से बढ़ता तापमान सिर्फ मानव जाति के लिए ही खतरे की घंटी नहीं है बल्कि वन्य जीवों, पक्षियों और समूचे इकोसिस्टम पर भी गंभीर प्रभाव डाल रहा है। अमेरिका के कोलारेडो विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ़ साइंस में प्रकाशित शोध से सचेत किया है कि जलवायु संकट की वजह से पिघलती बर्फ के कारण समुद्र का जलस्तर इस सदी के अंत तकदुगने से भी ऊपर निकल जाएगा।शोधकर्ताओं ने समुद्र के बढ़ते जल स्तर के लिए दो महत्वपूर्ण कारण बताए हैं। पहला ग्रीन हाउस गैसों के बढ़ते उत्सर्जन की वजह से पृथ्वी पर हवा और पानी का तापमान बढ़ना , और दूसरा जमीनी बर्फ के तेजी से पिघलने से समुद्री जल स्तर में लगातार इजाफा होना।वर्ल्ड वेदर एटिब्यूशन के मुताबिक जलवायु परिवर्तन की वजह से ही तापमान में वृद्धि,भारी बारिश और तेज तूफान जैसे ज्यादा और गंभीर मौसम का सामना करना पड़ा रहा है।मैक्सिको की खाडी स्थित लुइसियाना का डेलाक्रोइस शहर देश दुनिया में चर्चा का विषय बना चुका है उक्त शहर शने -शने समुद्र में समा रहा है।पिछले 100 साल में लुइसियाना की 1880 वर्ग मीटर भूमि समुद्र में डूब चुकी है। स्थिति कुछ ऐसी है कि 17 वर्ग मील भूमि हर साल डूब रही है। एक अध्ययन के मुताबिक पिछले 100 साल में समुद्र का पानी भरने की रफ्तार पिछली 27 सदियों से अधिक है।




मेष राशि- आज का दिन फायदेमंद रहने वाला है। बिजनेस को आगे बढ़ाने के नए तरीके आज आप सोचेंगे। साथ ही उसे समझने में अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। अगर आप साझेदारी में काम कर रहे हैं तो साझेदार के दिमाग में कोई ऐसी तकनीक आएगी जिससे बिजनेस में उम्मीद से अधिक फायदा होगा। इस राशि के बच्चों को आज कुछ नया सीखने का अवसर प्राप्त होगा। आज आपका स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

वृष राशि- आज का दिन मिला-जुला रहने वाला है। निगेटिव थॉट्स को आज दिमाग में न आने दें। धनलाभ की संभावनाएं बन रही हैं साथ ही खर्चो में भी इजाफा होने वाला है। इस राशि के छात्रों को आज भविष्य के लिए योजना बनाकर पढ़ाई करने की जरूरत है। आज की गई मेहनत का आपको सकारात्मक परिणाम जरूर मिलेगा। बैंकिंग से जुड़े लोगों को अच्छी खबर मिल सकती है।

मिथुन राशि- आज का दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। जरूरी काम आज समय से पूरा हो जाएगा। आज किसी जरूरतमंद की मदद करने में संकोच न करें। सबकी दुवाओं का असर सुखद परिणाम लेकर आएगा। इस राशि के जो लोग प्रॉपर्टी डीलर है, उन्हे अच्छी डिल के लिए थोड़ा और इंतजार करना पड़ेगा।

कर्क राशि- आज का दिन नई सौगात लेकर आया है। आज आपके मन में बहुत सी सकारात्मक भावनाएं आएंगी। इस राशि के नवविवाहित अधिक से अधिक समय जीवनसाथी को दें, रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। इस राशि के जो छात्र मेडिकल से जुड़े हैं आज उन्हें कुछ नया सिखने को मिलेगा। लवमेट के लिए आज का दिन अनुकूल है।

सिंह राशि- आज दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी। आज आप ऊर्जा से भरे रहेंगे, जिससे आप वो सब कुछ हासिल कर सकते हैं जो आप चाहते हैं। आपको इन सब चीजों से खुद को दूर रखना होगा। दूर-संचार से जुड़ी किसी नई तकनीक से फायदा जरूर मिलेगा। आस-पास और साथ के लोगों में आपकी अच्छी इमेज बनेगी। सेहत बिल्कुल ठीक रहने वाली है।

कन्या राशि- आज का दिन का अच्छा रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आज आपको बड़ा फैसला आपको करना पड़ेगा। आज अपने खर्चो पर नियंत्रण बनाये रखें। आज लोग आपकी समझ और व्यवहार से काफी प्रभावित होंगे। हर कोई आपकी तरफ आकर्षित होगा। आज आपको चारों तरफ से खूब प्रशंसा मिलने वाली है। परिवार में कई दिनों से चल रही समस्याएं आज सुलझ जाएंगी।

तुला राशि- आज का दिन आत्मविश्वास और उम्मीदों वाला है। आज आपको नए अनुभव की प्राप्ति होगी। अभी तक आपने जीवन के हर संभव क्षेत्र में जो भी करने की सोच रहे हैं थे वह जल्द ही पूरा हो जाएगा। बस आपको धैर्य बनाकर रखने की जरूरत है। कामकाज में आज नए तरीकों को अपनाने की कोशिश करें फायदा जरूर मिलेगा।

वृश्चिक राशि- आज का दिन शानदार रहने वाला है। आज महत्वपूर्ण काम पूरा हो सकता है, जिसके पूरा होने से आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। रुका हुआ पैसा आज वापस मिल जाएगा। कुछ नए मौके सामने आयेंगे जिनको खुले मन से स्वीकार करेंगे। आज आप ज्यादातर मामलों में खुद को भाग्यशाली महसूस करेंगे।

धनु राशि- आज का दिन उतार-चढ़ाव से भरा रहेगा। परिस्थितियां आज कुछ इस तरह से पुरानी चीजों को आपके सामने लाकर खड़ा कर देंगी, जिससे आप थोड़ी उलझन में रहेंगे। ऐसी स्थितियों में घर के बड़े बुजुर्ग की राय आपके लिए कारगर साबित होगी। आर्थिक स्थिति में आज अच्छा सुधार आएगा। किसी मित्र से आर्थिक सहयोग प्राप्त होगा। घर में आज वातावरण अनुकूल रहेगा, वर्कलोड कम रहेगा। जूनियर आपसे मदद की मांग कर सकते हैं।

मकर राशि- आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। ऑफिस के किसी जरूरी काम को करने में सीनियर आपकी मदद करेंगे, जिससे काम आसानी से पूरा हो जाएगा। इस राशि के जो लोग संगीत से जुड़े हैं उनके लिएआज का दिन अच्छा है। जो छात्र विदेश में पढ़ाई करने के लिए उत्सुक हैं, उनके लिए सफलता के योग बने हुए है। परिवार में आज आपको कुछ नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

कुंभ राशि- आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। कारोबार में रोज की अपेक्षा ज्यादा मुनाफा होगा। आज आप जो भी करें, सकारात्मक सोच के साथ करें तो सफलता मिलेगी। किसी भी तरह का फैसला करने के पहले अच्छी तरह से सोच-विचार जरूर कर लें या फिर किसी अनुभवी से सलाह लेना आपके लिए फायदेमंद रहेगा।

मीन राशि- आज किस्मत का साथ मिलेगा। छोटे-मोटे धन लाभ मिलते रहेंगे, साथ ही घरेलू खर्चो में बढ़ोतरी भी होगी। इस राशि के जो लोग टीचर हैं उनका दिन अच्छा रहने वाला है। जो लोग नवविवाहित हैं आज उनकोजीवनसाथी से अच्छा सरप्राइज मिलेगा। आज महिलायें को काम से राहत महसूस होगी। परिवार वाले उनके घर के कामों में मदद करेंगे।

# पश्चिम बंगाल संपूर्ण देश के लिए डरावना प्रश्न बना

अवधेश कुमार

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद से लेकर मध्य प्रदेश का गुना और इसके पहले नागपुर, मलाड आदि की घटनाओं में लगातार दिख रहे यथार्थ को पहचान कर उसके अनुरूप व्यवहार तय करने का समय है।

मुर्शिदाबाद से भागीरथी नदी में नाव पर बैठ कर पलायन करते और फिर मालदा जिले में उतरते लोगों की तस्वीरें किसी भी संवेदनशील व्यक्ति को अंदर से हिला देंगी।

मालदा के पारलालपुर हाई स्कूल में शरण लिए लगभग 500 लोगों की तस्वीरें एवं वक्तव्य देश के सामने हैं। इनमें तीन दिन के नवजात से लेकर महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे शामिल हैं। पलायन कर गए लोग मुर्शिदाबाद के धुलियान के हैं। वे बता रहे हैं कि घरों में आग लगा दी गई, मारपीट की गई, अब न घर रहा, न खाने को राशन बचा। जो कुछ था, वे सब लूट कर ले गए। धुलियान में एक गरीब पिता-पुत्र की हत्या कर दी गई जो हिन्दू देवी-देवताओं की मूर्तियां बनाते थे। लोग कह रहे हैं कि उनकी पानी की टंकी में जहर मिला दिया गया। इसमें कितनी सच्चाई है। अभी तक तो ममता बनर्जी सरकार को टंकियां जांच करके बता देना चाहिए था। नहीं बताने का मतलब? कई तालाबों में मछलियों सहित अन्य जीव मरे पाए गए यानी हमलावर घोषणा कर रहे थे कि सारे पानी में जहर मिला देंगे तो संभवतः उन्होंने तालाब में ऐसा किया। टीवी कैमरों के माध्यम से देश ने वहां की हिंसा देखी।

इन पंक्तियों के लिखे जाने तक भी अलग-अलग क्षेत्र में हिंसा हो रही है। शमशेरगंज सहित कई स्थानों में बीएसएफ की टीम पर गोलीबारी की गई। बीएसएफ कई घरों में जमा किए पत्थर हटा रही है। कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के कारण केंद्रीय सुरक्षा बलों की 17 कंपनियां तैनात की गई वरना पश्चिम बंगाल पुलिस के रहते क्या हो रहा था और क्या होता, कल्पना करने भर से ही रोंगटे खड़े हो जाते हैं। भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भले आप आलोचना करिए और उनके विरोधी हों। इन विकट परिस्थितियों में हिन्दू समाज के साथ इनके अलावा कोई खड़ा नहीं दिखता। अन्य पार्टियों की स्थानीय इकाइयां सच देखती हैं, भूमिका निभाना भी चाहती हैं, लेकिन प्रदेश और केंद्रीय नेतृत्व के दबाव में नहीं करतीं। स्थानीय भाजपा के कई नेताओं ने



प्रदेश में सशस्त्र बल विशेष शक्तियां अधिनियम या अफस्पा लागू करने की मांग की है। आपको भले नागवार गुजरे किंतु पश्चिम बंगाल की स्थिति को देखिए और निष्कर्ष निकालिए कि वहां क्या किया जाना चाहिए?

किसी का वक्फ संशोधन कानून से विरोध है तो उसका तरीका हिन्दुओं पर हमला कैसे सकता है? वैसे तो वक्फ के कानून में ऐसा कुछ नहीं है, जिसे मुसलमान या इस्लाम के विरुद्ध साबित किया जा रहा है। इस तरह का जहर फैलाने वाले वास्तव में स्वयं मुस्लिम समाज के दुश्मन हैं। बावजूद अगर आपको विरोध करना ही है तो इसके लिए हिन्दुओं के घरों पर हमले करने, धर्मस्थलों को क्षतिग्रस्त करने, हत्याएं करने, दुकान-घर जलाने आदि की क्या आवश्यकता है? ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने देशव्यापी विरोध का आह्वान किया था। क्या हिंसा के लिए उसे दोषी नहीं माना जाना चाहिए?

हमलावरों की तैयारी कितनी थी, इसका अनुमान इसी से लगाइए कि पलायित लोग बता रहे हैं कि वे गैस सिलेंडरों को खोल कर दियासलाई से आग लगा रहे थे और पेट्रोल डाल रहे थे। आगजनी, पत्थरबाजी और गोली चलाने के लिए पहले की तैयारी चाहिए। गुना में हनुमान जयंती की शोभा यात्रा पर जितनी भारी संख्या में पत्थर चले और आगजनी हुई उसकी तैयारी एकाएक संभव नहीं। इसी तरह हजारीबाग में हुआ। लंबे समय से हम देख रहे हैं कि हिन्दुओं से जुड़े उत्सवों, शोभा यात्राओं, प्रतिमा विसर्जनों आदि पर इसी तरह पत्थरों से हमले होते हैं। फिर अग्निकांड होता है। इससे भी डरावना सच यह है कि कोई बड़ा मुस्लिम नेता या संगठन हिंसा के विरु द्ध मुखर होकर सामने नहीं आता। दूसरे पक्ष को ही दोषी ठहराने का अभियान चलता है, और कहा जाता है कि हमले उनके उकसाने पर हुए। किसी के उकसाने पर हजारों-लाखों की संख्या में पत्थर, पेट्रोल बम पैदा हो सकते हैं।

मुर्शिदाबाद पर बंगाल की ममता सरकार में मंत्री सिद्धीकुल्ला चौधरी कह रहे हैं कि हिंसा में बाहरी और भाजपा के लोग शामिल थे, वे बीएसएफ की गोली से मारे गए। जंगीपुर के स्थानीय तृणमूल सांसद खलीलुर रहमान का बयान भी यही है। तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता कुणाल घोष का वक्तव्य है कि एक राजनीतिक दल ने बाहर से अपराधियों को लाकर बीएसएफ के सहयोग से मुर्शिदाबाद में तांडव मचाया है। ममता सरकार और उनकी पार्टी का स्टैंड यही है तो आप उनसे क्या उम्मीद कर सकते हैं। यह पहली बार नहीं है। पिछले वर्ष लगभग इसी समय वर्धमान जिले में बम विस्फोट की जांच करने गई एनआईए टीम पर हमले हुए। विस्फोट बम बनाने के दौरान हुआ और मरने वाले तीनों तृणमूल कांग्रेस के थे। जाहिर है इसमें किसके गले तक हाथ पहुंचता है। चाहे शाहजहां शेख पर कार्रवाई करने गई टीम हो या अन्य जगह वहां हमेशा बड़ी संख्या में उन्हें हिंसक विरोध का सामना करना पड़ता है, खदेड़ा जाता है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से लेकर पूरी सरकार, पार्टी हमला बोल शैली में साथ खड़ी होती है। जब सरकार और पुलिस प्रशासन का भय नहीं हो तो कट्टरवादी तत्व ऐसे ही उन्माद फैलाते हैं।तो सच को सच की तरह देखिए। पश्चिम बंगाल संपूर्ण देश के लिए ऐसा डरावना प्रश्न बना हुआ है, जिसका अभी तक उत्तर नहीं मिला है। उनके संदर्भ में हिन्दू संगठनों, सरकारों तथा पार्टियों को नये सिरे से अपनी रणनीति और व्यवहार तय करना होगा। मुस्लिम समुदाय के अंदर भी उदारवादी तबके को उनके विरुद्ध खुल कर सामने आना चाहिए। यह देश बचाने का प्रश्न है। जो समाज अपनी आत्मरक्षा और प्रतिरोध की शक्ति खो देता है, उसकी कोई रक्षा नहीं कर सकता।इस समय हिन्दू समाज संविधान के तहत हिंसा या गलत के प्रतिरोध के अंधकार तक का इस्तेमाल करने का साहस नहीं दिखा रहा। न्यायालय की स्थिति यह है कि 2021 में हिन्दुओं के पलायन का मामला उच्चतम न्यायालय में आया और सुनवाई के दौरान एक बंगाली न्यायमूर्ति ने पहले अपने को अलग किया। फिर सुनवाई आरंभ हुई और एक और बंगाली जज साहब ने स्वयं को अलग कर लिया।

K ✌ K

राष्ट्रीय समाचार





# संक्षिप्त समाचार

## सूखने के कगार पर बस्तर की जीवनदायनी इंद्रावती नदी

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग को सींचने वाली इंद्रावती नदी सूखे के कगार पर है. इससे बस्तर में किसानों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है. इसे लेकर कांग्रेस आज चित्रकोट से जगदलपुर तक 3 दिवसीय जल-जंगल-जमीन बचाओ, इंद्रवती नदी बचाओ पदयात्रा करने वाली थी. लेकिन हाल ही में जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकी हमले में 28 आम नागरिक मारे गए. इस घटना के चलते ,द्बष्ट के निर्देश पर कांग्रेस ने 27 अप्रैल तक अपनी सभी राजनीतिक और अन्य कार्यक्रम स्थगित कर दिए हैं.इंद्रावती नदी को बचाने कांग्रेस लड़ेगी बड़ी लड़ाई बता दें, इस पदयात्रा में कांग्रेस के कई बड़े नेता और कार्यकर्ता समेत भारी संख्या में बस्तर के प्रभावित किसान भी शामिल होने वाले थे. इस पदयात्रा के तीसरे दिन जगदलपुर कलेक्टर दफ्तर घेराव की योजना थी. कांग्रेस ने कहा कि इंद्रावती नदी को बचाने के लिए पार्टी आने वाले समय में बड़ी लड़ाई लड़ने को तैयार है. इसकी रूपरेखा भी जल्द तैयार की जाएगी.

इंद्रावती नदी पर जल संकट

इंद्रावती नदी सिर्फएक नदी नहीं है, ये बस्तर की प्राणधारा है, ये बस्तर की सांस है. आज वही इंद्रावती नदी अपनी आखिरी सांसें गिन रही है. दो महीने से बस्तर के किसान सड़क पर हैं. धरनों पर बैठे हैं, आंदोलन कर रहे हैं. इंद्रावती में पानी लाने की गुहार लगा रहे हैं.

## जम्मू-कश्मीर में लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकियों के घर ढहाए गए

श्रीनगर (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के शोपियां, कुलगाम और पुलवामा जिलों में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के तीन आतंकियों के घरों को प्रशासन ने ध्वस्त कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई शुक्रवार देर शाम और शनिवार को की गई। पुलवामा जिले के मुरान गांव में आतंकी एहसान-उल-हक शेख का घर ढहाया गया। कुलगाम जिले के मटालहामा गांव में आतंकी जाकिर अहमद गनी का घर तोड़ा गया, जो 2003 से सक्रिय है। वहीं, शोपियां जिले के चोटीपोरा गांव में आतंकी शाहिद अहमद कुटे के घर को भी ध्वस्त किया गया, जो 2002 से आतंकी गतिविधियों में शामिल है।इसके पहले, शुक्रवार को पहलगाम हमले में शामिल दो अन्य आतंकियों, आसिफ अहमद शेख (त्राल) और आदिल ठोकर (बिजबेहरा) के घरों को भी तोड़ा गया था।पहलगाम आतंकी हमले पर पहली प्रतिक्रिया में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि आतंकियों, उनके समर्थकों और प्रायोजकों को ऐसी सजा दी जाएगी, जिसके बारे में उन्होंने सोचा भी नहीं होगा। बिहार के मधुबनी में एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा- आज बिहार की सरजमीं से मैं पूरी दुनिया से यह कहना चाहता हूं कि भारत इन लोगों की पहचान करेगा, उन्हें ढूंढेगा और हर आतंकी तथा उनकी मदद करने वालों को सजा देगा। हम उन्हें पृथ्वी के अंतिम छोर तक खदेड़ देंगे। भारत की आत्मा को आतंकवाद कभी नहीं तोड़ सकता। इंसाफ मिले, इसके लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। इस बीच, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी के साथ सुरक्षा समीक्षा की और सुरक्षा बलों को निर्देश दिया कि 22 अप्रैल को पहलगाम के बैसरन घाटी में निर्दोष नागरिकों की हत्या करने वालों को पकड़ने के लिए हर जरूरी बल का उपयोग करें। पिछले छह दिनों से ड्रोन, हेलीकॉप्टर और अन्य तकनीकों की मदद से बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चल रहा है।

## कटिहार में शराब तस्कर को छुड़ाने के लिए थाने पर असामाजिक तत्वों का हमला, पुलिस ने आत्मरक्षार्थ की फायरिंग

कटिहार (आरएनएस)। बिहार के कटिहार जिले के डंडखोरा थाना पर शनिवार को बड़ी संख्या में जुटे लोगों ने थाने पर हमला बोल दिया। ये सभी लोग हाजत में बंद एक शराब कारोबारी को छुड़ाने का प्रयास कर रहे थे। इस दौरान भीड़ ने जमकर हंगामा किया और पुलिसकर्मियों को भी निशाना बनाया।इस अचानक हुए हमले में तीन से चार पुलिसकर्मियों के घायल होने की खबर है। पुलिस को आत्मरक्षार्थ हवाई फायरिंग भी करनी पड़ी। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार को डंडखोरा थाने की पुलिस ने रायपुर गांव से एक शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया था। इसकी सूचना शनिवार को जब गांव के लोगों को लगी तो वे उग्र हो गए। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस बेवजह परेशान कर रही है।पुलिस हिरासत से शराब कारोबारी सूरज कुमार को छुड़ाने के लिए बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए और लाठी-डंडों से लैस होकर थाना परिसर में पहुंच गए। यहां लोगों ने जमकर हंगामा किया और तोड़फोड़ की। इस बीच, जब पुलिस ने मोर्चा संभाला तो लोग और उग्र हो गए और पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट की। इस दौरान तीन से चार पुलिसकर्मियों को चोट भी लगी है। पुलिस ने आत्मरक्षा में और भीड़ को तितर-बितर करने के लिए चार से पांच राउंड हवाई फायरिंग भी की। कटिहार के पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा ने बताया कि अब स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। उन्होंने कहा कि शराब तस्कर अभी भी पुलिस हिरासत में है। उन्होंने कहा कि इस मामले में जांच होगी और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। एक आरोपी को छुड़ाने की कोशिश की गई थी। इस मामले में तीन से चार लोगों को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है तथा सीसीटीवी फुटेज की जांच कर थाना में हंगामा करने वालों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है।

## प्यार का ऐसा बुखार! पति को छोड़ प्रेमी संग फरार हुई शादीशुदा महिला, परिजन सकते में

बिजनौर (आरएनएस)। जिले के एक गांव में एक शादीशुदा महिला के अपने प्रेमी के साथ फरार होने का मामला सामने आया है, जिससे ससुराल और मायके वाले हैरान हैं। पति की शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, लेकिन महिला के परिजन पुलिस की कार्रवाई से असंतुष्ट हैं और लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार, यूपी में बिजनौर निवासी एक परिवार पिछले कुछ समय से एक गांव में किराए के मकान में रह रहा था। इसी परिवार की शादीशुदा बेटी करीब एक सप्ताह पहले अपने पति को छोड़कर अपने प्रेमी के साथ चली गई।महिला के परिजनों का आरोप है कि जब उन्होंने युवक के परिजनों से संपर्क किया, तो उन्होंने महिला को वापस सौंपने से इनकार कर दिया और उनके साथ अभद्र व्यवहार किया।इसके बाद पीड़ित परिजनों ने मामले की शिकायत पुलिस में की, लेकिन उनका आरोप है कि शुरुआत में पुलिस ने उनकी लिखित शिकायत लेने से मना कर दिया। परिजनों का कहना है कि पुलिस ने उन्हें गुमशुदगी की तहरीर देने को कहा, जिसके बाद गुमशुदगी दर्ज की गई।परिजनों का आरोप है कि घटना के एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी पुलिस महिला का कोई सुराग नहीं लगा पाई है। पीड़ित परिवार न्याय के लिए फेरुपुर पुलिस चौकी के चक्कर लगाने को मजबूर है। पुलिस की धीमी कार्रवाई से नाराज परिजनों ने जल्द ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (SSP) से मुलाकात कर न्याय की गुहार लगाने की बात कही है। इस संबंध में फेरुपुर चौकी प्रभारी सुधांशु कौशिक ने बताया कि महिला की गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है और उसकी तलाश की जा रही है। उन्होंने बताया कि आरोपी युवक के परिजन भी घर से लापता हैं। चौकी प्रभारी के मुताबिक, मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

# लोकतांत्रिक राजनीति वैश्विक स्तर पर मौलिक रूप से बदल गई है : राहुल गांधी



नई दिल्ली (ए.)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि दुनिया भर में लोकतांत्रिक राजनीति मौलिक रूप से बदल गई है और एक दशक पहले जो नियम लागू थे, वे अब मान्य नहीं हैं। यहां आयोजित 'भारत समिट 2025' में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि आज के आक्रामक राजनीतिक माहौल में विपक्ष को कुचलना और मीडिया को कमजोर करना ही लक्ष्य बन गया है। 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान अपने अनुभवों को याद करते हुए गांधी ने कहा कि उन्हें एहसास हुआ कि नेता लोगों की आवाज समझने में विफल रहे हैं। उन्होंने कहा, ''राजनीति, लोकतांत्रिक राजनीति पूरी दुनिया में मौलिक रूप से बदल गई है। मैं कहूंगा कि एक दशक पहले जो नियम लागू थे, वे अब लागू नहीं होते। कभी-कभी, जब मैं अपनी पार्टी के युवा सदस्यों से बात करता हूं, तो पाता हूं कि जो चीजें 10 साल पहले प्रभावी थी, जो साधन 10 साल पहले कारगर थे, वे अब कारगर नहीं हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, ''इसलिए एक तरह से पुराने नेता खत्म हो चुके हैं और एक नए तरह के नेता को गढ़ा जाना चाहिए। गांधी ने यह भी उल्लेख किया कि उन्हें मूल रूप से शुक्रवार को सम्मेलन को संबोधित करना था, लेकिन इसके बजाय उन्हें कश्मीर जाना पड़ा। उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर भारत के साथ एकजुटता दिखाने के लिए कार्यक्रम के प्रतिनिधियों को धन्यवाद दिया। वैश्विक न्याय, समानता और प्रगतिशील सहयोग पर सार्थक संवाद को बढ़ावा देने पर केंद्रित दो दिवसीय सम्मेलन 'भारत समिट' शुक्रवार को शुरू हुआ।

## मुंबई पुलिस ने तहव्वुर राणा से आठ घंटे तक पूछताछ की

ठाणे (ए.)। मुंबई पुलिस की अपराध शाखा के एक दल ने 26/11 मुंबई आतंकवादी हमलों के मुख्य आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा से नयी दिल्ली में आठ घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि चार अधिकारियों वाली अपराध शाखा की टीम ने आतंकवादी हमलों की साजिश में राणा की कथित भूमिका के बारे में बुधवार को उससे पूछताछ की। अधिकारी ने आगे कोई जानकारी दिए बिना बताया कि पूछताछ के दौरान राणा ने टालमटोल भरे जवाब दिए और सहयोग नहीं किया। पाकिस्तानी मूल के कनाडाई व्यवसायी राणा (64) को इस महीने की शुरुआत में 26/11 मुंबई आतंकवादी हमलों में उनकी कथित भूमिका के लिए अमेरिका से प्रत्यर्पित किया गया था।




दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने नई दिल्ली में स्वदेशी शोध संस्थान द्वारा आयोजित "विज़न 2047 पर अंतर्राष्टीय सम्मेलन" में भाग लिया.

## राजस्थान के कई इलाकों में हल्की बारिश व आंधी का अनुमान

जयपुर (ए.)। पश्चिमी विक्षोभ के असर से राज्य के कई इलाकों में हल्की बारिश और आंधी चलने का अनुमान है जिससे लोगों को भीषण गर्मी से कुछ राहत मिल सकती है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। आईएमडी के अनुसार एक नए पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 26 अप्रैल को जयपुर, भरतपुर व कोटा संभाग के कुछ भागों में अपराह्न बाद मेघ गर्जन व हल्की बारिश होने तथा 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। इसने बताया कि मई के प्रथम सप्ताह में पूर्वी हवाएं प्रभावी होने व दूसरा पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से आंधी-बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होगी तथा तापमान में कमी होने से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिलेगी। शनिवार सुबह तक चौबीस घंटे की अवधि में राज्य में मौसम शुष्क रहा तथा जयपुर व बीकानेर संभाग में कहीं-कहीं उष्ण लहर चली।

# मोदी सरकार बस इजाजत दे, घर में घुसकर मारेंगे

## बिलावल के खून बहाने वाले बयान पर बोले देश के इमाम



नई दिल्ली (ए.)। पहलगाम में जो नरसंहार हुआ उसके बाद भारत बदला लेने की तैयारी कर रहा है। बदला सर्जिकल स्ट्राइक, एयरस्ट्राइक के जैसा होगा या फिर इससे बहुत बड़ा होगा। इसका अंदाजा इस बात से लगा लीजिए कि आईएनएस विक्रांत 18 फाइटर जेट लेकर समुद्र में उतर चुका है। सेना का डिप्लायमेंट लगातार बॉर्डर पर हो रहा है। सेना के प्रमुख खुद पहलगाम पहुंच चुके हैं और राज्यपाल के साथ सीएम से बात की। साथ गृह मंत्री ने सभी राज्यों के मुख्यमंत्री से बात की और राष्ट्रपति के पास गृह मंत्री और विदेश मंत्री एक लाल रंग की फाइल लेकर गए। जिसमें क्या था ये अब तक पता नहीं चल पाया है। मतलब बदला तो इस बार भारत का ऐसा होगा कि पाकिस्तान पानी नहीं मांगेगा। लेकिन इस हमले से पहले ही पाकिस्तान बुरी तरह बौखलाया हुआ नजर आ रहा है। उसके नेताओं की गीदड़भभकी सामने आने लगी है। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने सिंधु जल संधि के मामले में भारत को धमकाया और चुनौती दी।

भुट्टो ने कहा कि दरिया में या तो हमारा पानी बहेगा, या फिर हमारा (भारत का) खून बहेगा। भुट्टो की यह प्रतिक्रिया जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में हुए घातक आतंकवादी हमले के बाद आई। 23 अप्रैल को, विदेश मंत्रालय (एमईए) ने प्रतिक्रिया में कई सख्त उपायों की घोषणा की, जिसमें सिंधु जल संधि को तत्काल प्रभाव से स्थगित करना भी शामिल है, जब तक कि पाकिस्तान विश्वसनीय और अपरिवर्तनीय रूप से सीमा पार आतंकवाद के लिए अपने समर्थन को त्याग नहीं देता। भुट्टो ने एक्स पर लिखा कि भारत ने पहलगाम त्रासदी के लिए पाकिस्तान को दोषी ठहराया है। अपनी कमज़ोरियों को छिपाने और अपने लोगों को मूर्ख बनाने के लिए मोदी ने झूठे आरोप लगाए हैं और सिंधु जल संधि को एकतरफ़ा तौर पर निलंबित कर दिया है, जिसके तहत भारत ने स्वीकार किया है कि सिंधु पाकिस्तान की है। मैं यहां सुक्कुर में सिंधु के पास खड़ा होकर भारत को बताना चाहूंगा कि सिंधु हमारी है और सिंधु हमारी ही रहेगी, चाहे इस सिंधु में पानी बहे या उनका खून।

## पहलगाम हमला : बुलंदशहर आई चार पाकिस्तानी महिलाएं लौटीं अपने मुल्क

बुलंदशहर (आरएनएस)। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने सख्त कदम उठाते हुए सभी पाकिस्तानी नागरिकों का वीजा रद्द कर दिया। इसके बाद देश में मौजूद पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजने की प्रक्रिया तेज कर दी गई। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर आई चार पाकिस्तानी महिलाओं को भी वाघा-अटारी सीमा से उनके देश रवाना किया गया। यह कार्रवाई भारत सरकार के निर्देशों के तहत की गई, जिसमें लंबी अवधि और राजनयिक वीजा को छोड़कर अन्य सभी वीजा धारकों को वापस भेजने का आदेश दिया गया था। बुलंदशहर पुलिस ने इस निर्देश का पालन करते हुए चारों महिलाओं को सुरक्षित रूप से वाघा-अटारी सीमा तक पहुंचाने की व्यवस्था की।एसपी सिटी शंकर प्रसाद ने बताया, पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने सुरक्षा के लिहाज से यह महत्वपूर्ण फैसला लिया है। इसके तहत पर्यटक वीजा पर भारत आई चार पाकिस्तानी महिलाओं को वापस उनके देश भेजा जा रहा है।

## भारत का गरीबी पर कड़ा प्रहार, गरीबों की संख्या घटकर 2.3प्रतिशत पर पहुंची, 17.1 करोड़ लोग बाहर आए

नई दिल्ली (आरएनएस)। गरीबी उन्मूलन के मोर्चे पर भारत ने ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। विश्व बैंक की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, देश में अत्यंत गरीबी की दर 2011-12 में 16 प्रतिशत थी, जो अब घटकर मात्र 2.3 प्रतिशत रह गई है। इस दौरान 17.1 करोड़ लोग अंतरराष्ट्रीय गरीबी रेखा से बाहर निकले हैं। विश्व बैंक ने 2.15 डॉलर प्रतिदिन क्रय शक्ति समता (पीपीपी) के आधार पर अत्यंत गरीबी का आकलन किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले एक दशक में भारत ने गरीबी घटाने में उल्लेखनीय प्रगति की है। रिपोर्ट के मुताबिक, ग्रामीण भारत में अत्यंत गरीबी 18.4 प्रतिशत से गिरकर 2.8 प्रतिशत रह गई है, जबकि शहरी भारत में यह 10.7 प्रतिशत से घटकर 1.1 प्रतिशत पर आ गई है। इससे ग्रामीण और शहरी इलाकों के बीच गरीबी का अंतर भी 7.7 प्रतिशत से घटकर सिर्फ 1.7 प्रतिशत रह गया है, जो कि वार्षिक आधार पर 16 प्रतिशत की गिरावट दर्शाता है। निम्न और मध्यम आय वाले देशों (एलएमआईसी) के 3.65 डॉलर प्रतिदिन के गरीबी मापदंड पर भारत ने और भी शानदार प्रदर्शन किया है। इस आधार पर गरीबी दर 61.8 प्रतिशत से घटकर 28.1 प्रतिशत हो गई है, जिससे 37.8 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। निम्न और मध्यम आय वाले देशों (एलएमआईसी) के 3.65 डॉलर प्रतिदिन के गरीबी मापदंड पर भारत ने और भी शानदार प्रदर्शन किया है। इस आधार पर गरीबी दर 61.8 प्रतिशत से घटकर 28.1 प्रतिशत हो गई है, जिससे 37.8 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं।ग्रामीण क्षेत्रों में एलएमआईसी गरीबी 69 प्रतिशत से गिरकर 32.5 प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में 43.5 प्रतिशत से घटकर 17.2 प्रतिशत रह गई है। ग्रामीण-शहरी अंतर भी 25 प्रतिशत से घटकर 15 प्रतिशत पर आ गया है।

## दर्दनाक हादसा : एक्सप्रेसवे पर सफाई कर रहे कर्मचारियों को पिकअप वाहन ने रौंदा, छह की मौत; पांच की हालत गंभीर

नूंह (आरएनएस)। शनिवार सुबह नूंह जिले में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर एक दर्दनाक हादसा हुआ है। फिरोजपुर झिरका थाना क्षेत्र के इब्राहिमबास गांव के पास तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने सड़क पर सफाई कार्य कर रहे छह कर्मचारियों को रौंद दिया। इस हादसे में छह सफाई कर्मचारियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा सुबह करीब 10 बजे हुआ जब करीब 10 सफाई कर्मचारी एक्सप्रेसवे पर सफाई कर रहे थे। अचानक आई तेज रफ्तार पिकअप ने उन्हें कुचल दिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि कई शव क्षत-विक्षत हो गए। घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।घटना के बाद एक्सप्रेसवे पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। कुछ ही देर में रोड सुरक्षा एजेंसी और पुलिस टीमें मौके पर पहुंच गईं। हादसे की भयावहता देखकर लोग स्तब्ध रह गए। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान की जा रही है।

## जून से अगस्त तक होगी कैलाश मानसरोवर यात्रा, ऑनलाइन आवेदन शुरू

नई दिल्ली (ए.)। विदेश मंत्रालय द्वारा आयोजित कैलाश मानसरोवर यात्रा जून से अगस्त 2025 के दौरान आयोजित की जाएगी। इस वर्ष, 5 बैच में से प्रत्येक में 50 यात्री होंगे। 10 बैच, जिनमें से प्रत्येक में 50 यात्री होंगे, क्रमशः उत्तराखंड राज्य से लिपुलेख दर्रे को पार करते हुए तथा सिक्किम राज्य से नाथू ला दर्रे को पार करते हुए यात्रा करेंगे। kmy.gov.in वेबसाइट आवेदन स्वीकार करने के लिए खोल दी गई है। यात्रियों का चयन आवेदकों में से निष्पक्ष, कंप्यूटर द्वारा तैयार, यादृच्छिक तथा लिंग-संतुलित चयन प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा। वर्ष 2015 से ऑनलाइन आवेदन से लेकर यात्रियों के चयन तक की पूरी प्रक्रिया पूरी तरह से कम्प्यूटरीकृत है। इसलिए, आवेदकों को जानकारी प्राप्त करने के लिए पत्र या फैक्स भेजने की आवश्यकता नहीं है। वेबसाइट पर फीडबैक विकल्पों का उपयोग जानकारी प्राप्त करने, टिप्पणियां दर्ज करने या सुधार के लिए सुझाव देने के लिए किया जा सकता है।

## लाडकी बहिन योजना और बिजली बिल माफी पर 65,000 करोड़ रुपये खर्च कर रही सरकार : अजित पवार



ठाणे (ए.)। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने शनिवार को कहा कि सात लाख करोड़ रुपये के बजट में से राज्य सरकार 3.5 लाख करोड़ रुपये कर्मचारियों के वेतन, पेंशन और ऋण पर खर्च कर रही है, जबकि 65,000 करोड़ रुपये लाडकी बहिन योजना और किसानों के लिए बिजली माफी योजना पर खर्च किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इन मदों के तहत 4.15 लाख करोड़ रुपये खर्च किए जाने के बाद शेष राशि विकास कार्यों में खर्च की जा रही है। परभणि में अपनी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की एक बैठक को संबोधित करते हुए पवार ने यह भी कहा कि पार्टी के जो कार्यकर्ता राजनीतिक नेता बनना चाहते हैं, उन्हें (सरकारी कार्यों के लिए) ठेकेदार नहीं बनना चाहिए। राज्य सरकार के व्यय के बारे में बात करते हुए, वित्त मंत्री पवार ने कहा, सरकार किसानों के लिए बिजली बिल माफी योजना के तहत महाराष्ट्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (एमएसईडी सीएल) को 17,000 से 20,000 करोड़ रुपये दे रही है। राज्य को एक साल में लाडकी बहिन योजना के लिए 45,000 करोड़ रुपये की जरूरत है। उन्होंने कहा, राज्य का बजट परिव्यय 7 लाख करोड़ रुपये है, जिसमें से 3.5 लाख करोड़ रुपये वेतन, पेंशन और ऋण चुकाने पर खर्च किए जाते हैं, जबकि 65,000 करोड़ रुपये उपरोक्त दो (लाडकी बहिन और बिल माफी) योजनाओं पर खर्च किए जाते हैं। शेष राशि से हम राज्य के विकास कार्यों में खर्च करने की कोशिश कर रहे हैं।

## सामाजिक न्याय विभाग ने भिखारियों और बेघरों को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर किया मंथन

नई दिल्ली (आरएनएस)। सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग ने देश में भिखारियों, बेघर लोगों और निराश्रितों के पुनर्वास के लिए रणनीतियों को समझने, विचार करने और जानकारी साझा करने के लिए एक सेमिनार आयोजित किया है। यह कार्यक्रम वर्ल्ड बैंक के सहयोग से राजधानी दिल्ली में आयोजित हुआ। इसका विषय था 'दुर्गम आबादी तक पहुंच एसएमआईएलई (भिक्षावृत्ति)'। इस कार्यक्रम में देश और विदेश के विशेषज्ञों ने भाग लिया। इसका उद्देश्य था कि समाज के सबसे कमजोर वर्गों के लिए सामाजिक सुरक्षा तंत्र को मजबूत बनाने पर बातचीत और कार्यवाही को बढ़ावा दिया जाए। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के सचिव राजेश अग्रवाल ने समावेशी विकास और दिव्यांगों तक पहुंचने के बारे में अपनी बात रखते हुए कहा, 'हमें उन लोगों से सीधे बात करनी होगी जिन्होंने भीख मांगना छोड़ दिया है, ताकि हम इसकी असली वजहों और सहायता प्रणालियों के असर को समझ सकें।



केपीसीसी युवा कांग्रेस अध्यक्ष मंजूनाथ गौड़ा, कर्नाटक कांग्रेस नेताओं के साथ मैसूर में पहलगाम आतंकवादी हमले में निर्दोष पर्यटकों पर हुए जघन्य हमले के जवाब में कैंडल मार्च में भाग लेते हुए।

## नेशनल गवर्नमेंट क्लाउड' में तकनीकी गड़बड़ी से प्रभावित आईटी सेवाएं हो रहीं बहाल : सुप्रीम कोर्ट



नई दिल्ली , (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने शनिवार को कहा कि नेशनल गवर्नमेंट क्लाउड (एनजीसी) में तकनीकी गड़बड़ी आने के कारण कई सूचना संचार प्रौद्योगिकी आधारित सेवाएं प्रभावित हुई हैं। कोर्ट ने यह भी बताया कि प्रभावित सेवाओं को बहाल करने का काम जारी है।एक नोटिस के जरिए बताया गया कि रजिस्ट्री से जुड़ी विभिन्न सूचना संचार प्रौद्योगिकी आधारित सेवाएं एनजीसी में तकनीकी गड़बड़ी के कारण प्रभावित रहीं।सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस में बताया, सुबह से ही नेशनल गवर्नमेंट क्लाउड (एनजीसी) में तकनीकी गड़बड़ी के कारण रजिस्ट्री द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न सूचना संचार प्रौद्योगिकी-आधारित सेवाएं, जैसे वेबसाइट, ई-फाइलिंग, एससीआर और डिजीएससीआर पोर्टल पर प्रतिकूल असर पड़ा है।कोर्ट ने आगे कहा कि सभी संबंधित टीम सेवाओं की शीघ्र बहाली पर काम कर रही हैं। सुप्रीम कोर्ट ने आगे कहा, आपको हुई किसी भी असुविधा के लिए हमें खेद है। हम आपके धैर्य, समझ और सहयोग की सराहना करते हैं। नेशनल गवर्नमेंट क्लाउड एक यूनिक क्लाउड सर्विस है। यह सर्विस एनआईसी के तहत विभिन्न सरकारी परियोजनाओं को दी जा रही है। यह संगठनों को सिंगल एंड यूज पोर्टल का इस्तेमाल कर कई निजी और सार्वजनिक क्लाउड सेवाओं को चुनने की अनुमति देता है। नेशनल गवर्नमेंट क्लाउड, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) द्वारा संचालित एक सुरक्षित डेटा सेंटर में कंप्यूट, स्टोरेज, डेटाबेस और नेटवर्क जैसी विभिन्न ऑन-प्रिमाइस सेवाएं प्रदान करता है। सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री अपने डिजिटलीकरण और डिजिटल संरक्षण प्रयासों के के रूप में क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर का इस्तेमाल करती है।

# मृणाल ठाकुर के हाथ लगी एटली की 800 करोड़ी फिल्म, अब अल्लू अर्जुन संग करेंगी रोमांस



पुष्पा 2 की जबरदस्त सफलता के बाद अल्लू अर्जुन ने जवान के निर्देशक एटली के साथ हाथ मिलाया है।इस फिल्म से जुड़ीं अब तक कई जानकारियां सामने आ चुकी हैं और अब खबर है कि फिल्म में अल्लू के साथ मृणाल ठाकुर को साइन कर लिया गया है। फिल्म में 3 अभिनेत्रियां नजर आएंगी। इनमें में एक के लिए मृणाल के नाम पर निर्माताओं की मोहर लग चुकी है।

आइए पूरी खबर जान लेते हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, मृणाल ने कल मुंबई के एक स्टूडियो में फिल्म की तीन मुख्य अभिनेत्रियों में से एक की भूमिका निभाने के लिए लुक टेस्ट दिया। फिल्म में वह अल्लू के साथ रोमांस करती दिखेंगी। उनका लुक फिल्म में एकदम हटके होगा। उधर अन्य अभिनेत्रियों के लिए दीपिका पादुकोण और जाह्नवी कपूर के नाम पर विचार किया जा रहा है। जाह्नवी फिल्म साइन करने के बेहद करीब हैं, वहीं दीपिका के साथ बातचीत अब भी जारी है। अल्लू-मृणाल दोनों एक-दूसरे के साथ काम करने के लिए उत्साहित हैं। इससे पहले अल्लू ने मृणाल की फिल्म हाय नाना को खूब सराहा था और अभिनेत्री के अभिनय पर भी जमकर प्यार लुटाया था। फिल्म देखने के बाद अल्लू न सिर्फ इसकी कहानी, बल्कि इसमें मृणाल के अभिनय और उनके अंदाज के भी मुरीद हो गए थे। उधर एक इंटरव्यू में मृणाल ने कहा था कि वह अल्लू की प्रशंसकों में शुमार हैं और उनके साथ काम करना चाहती हैं। सन पिक्चर्स के बैनर तले बन रही इस फिल्म का बजट 800 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। खबर तो यह भी आई कि इसके लिए अल्लू को 175 करोड़ रुपये मिल रहे हैं। इस साल 8 अप्रैल को अल्लू के जन्मदिन के मौके पर इस फिल्म का आधिकारिक रूप से ऐलान हुआ था। इस साल के अंत तक फिल्म की शूटिंग शुरू हो जाएगी, वहीं साल 2027 में यह फिल्म बड़े पर्दे पर आएगी। अदिवी शेष की अगली तेलुगू फिल्म डकैत में भी मृणाल मुख्य भूमिका में नजर आने वाली हैं। इससे पहले इस फिल्म में श्रुति हासन को लिया गया था, लेकिन बाद में उनकी जगह मृणाल ने ली। ये फिल्म हिंदी में भी रिलीज होगी। इसके अलावा मृणाल को अजय देवगन की सन ऑफ सरदार 2, हुमा करैशी के साथ पूजा मेरी जान और वरुण धवन के साथ फिल्म है जवानी तो इश्क होना है में देखा जाएगा।

## राजकुमार राव की मालिक की नई रिलीज तारीख का ऐलान, गैंगस्टर बन मचाएंगे धमाल




राजकुमार राव जल्द ही फिल्म भूल चुक माफ में नजर आएंगे। करण शर्मा के निर्देशन में बनी यह फिल्म 9 मई, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसमें राजकुमार की जोड़ी पहली बार वामिका गब्बी के साथ बनी है।भूल चुक माफ के अलावा राजकुमार के पास फिल्म मालिक भी है, जिसके निर्देशन की कमान पुलकित ने संभाली है।फिल्म 20 जून, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब निर्माताओं ने इसकी रिलीज तारीख टाल दी है।मालिक के लिए दर्शकों को थोड़ा और इंतजार करना होगा। अब यह ि ल्म 11 जुलाई, 2025 को सिनेमाघरों का रुख करेगी। यह एक गैंगस्टर ड्रामा फिल्म होगी, जिसमें राजकुमार एक खूंखार गैंगस्टर की भूमिका में दिखने वाले हैं। फिल्म में उनका अनदेखा अवतार देखने को मिलेगा। फिल्म का निर्माण कुमार तौरानी ने टिप्स फिल्म्स के बैनर तले किया जा रहा है। इस एक्शन थ्रिलर फिल्म का पहला पोस्टर पिछले साल राजकुमार के 40वें जन्मदिन पर रिलीज किया गया था।

## बॉक्स ऑफिस पर सनी देओल की जाट के कारोबार में गिरावट जारी, 15वें दिन हुई इतनी कमाई




सनी देओल इन दिनों फिल्म जाट को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। उनकी यह फिल्म 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। भले ही जाट ने बॉक्स ऑफिस पर गदर 2 जैसा धमाका नहीं किया, लेकिन सनी ने अपने धमाकेदार एक्शन अवतार से फिर दर्शकों का दिल जीत लिया। लगातार घटते कारोबार के बावजूद जाट ने टिकट खिड़की पर 80 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है। आइए जानें जाट की 15वें दिन कितनी कमाई हुई। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, जाट ने अपनी रिलीज के 15वें दिन यानी दूसरे गुरुवार को 1.25 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 80.75 करोड़ रुपये हो गया है। जाट अपनी लागत वसूलने के करीब है। इस फिल्म का बजट 100 करोड़ रुपये है।झ इसमें सनी का सामना रणदीप हुड्डा से हो रहा है। रणदीप फिल्म में विलेन बने हैं। इसमें सनी के साथ-साथ रणदीप के अभिनय की भी तारीफ हो रही है। अगर जाट की तुलना सनी की पिछली रिलीज फिल्म गदर 2 की कमाई से करें तो इस मामले में यह फिल्म पीछे रह गई है, क्योंकि 2023 में पर्दे पर रिलीज हुई गदर 2 का बजट महज 60 करोड़ रुपये था और केवल 2 सप्ताह में इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 419.10 करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया था। अभिनेता विनीत कुमार सिंह और सैयामी खेर ने भी जाट में अहम भूमिका निभाई है।

## केसरी 2 को नहीं मिल रहे दर्शक, अब बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म से होगा सामना




करण सिंह त्यागी के निर्देशन में बनी फिल्म केसरी: चैप्टर 2 बीते 18 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अक्षय कुमार, अनन्या पांडे और आर माधवन अभिनीत इस फिल्म से निर्माताओं के साथ-साथ दर्शकों को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल दिखाती नहीं दिख रही है। हर गुजरते दिन के साथ फिल्म की कमाई घटती जा रही है। आइए जानें केसरी 2 ने रिलीज के सातवें दिन कितने करोड़ रुपये कमाए। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, केसरी 2 ने रिलीज के सातवें दिन यानी पहले गुरुवार को 3.50 करोड़ रुपये का कारोबार किया। इसी के साथ घरेलू बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म की कुल कमाई 46.10 करोड़ रुपये हो गई है। केसरी 2 1919 के जलियांवाला बाग हत्याकांड के इर्द-गिर्द की भयावह घटनाओं को दिखाती है। फिल्म में अक्षय निडर वकील सी. शंकरन नायर बने हैं, जिन्होंने अदालत में ब्रिटिश राज को चुनौती दी और सच्चाई बताने की मांग की। केसरी 2 का बॉक्स ऑफिस पर सामना सनी देओल और रणदीप हुड्डा की फिल्म जाट से हो रहा है।उधर, इमरान हाशमी की फिल्म ग्राउंड जीरो आज यानी 25 अप्रैल को सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटा चुकी है।इसके अलावा आमिर खान और सलमान खान की यादगार फिल्म अंदाज अपना अपना को दोबारा सिनेमाघरों में रिलीज किया गया है।यह फिल्म पहली बार 4 नवंबर, 1994 को रिलीज हुई थी और इसका निर्देशन राजकुमार संतोषी ने किया था।

## सोहम शाह की क्रेजी ने ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर दी दस्तक, सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव भी उपलब्ध




अभिनेता सोहम शाह की फिल्म क्रेजी को 28 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था, जिसमें उनके काम को तो काफी सराहा गया।हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म औंधे मुंह गिरी। इस फिल्म ने टिकट खिड़की पर केवल 12.3 करोड़ रुपये का कारोबार किया था।अब क्रेजी ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक दे चुकी है। जो दर्शक इस फिल्म को सिनेमाघरों में नहीं देख पाए, वह अब इसे ओटीटी पर देख सकते हैं।आदर्श गौरव की फिल्म सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव भी अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हो गई है। यह फिल्म 28 फरवरी, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और यह भी बॉक्स ऑफिस पर मुंह के बल गिरी। इस फिल्म ने टिकट खिड़की पर 3.54 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। आदर्श के अलावा फिल्म सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव में शशांक अरोड़ा, विनीत कुमार सिंह और अनुज सिंह दुहान जैसे कलाकार भी अहम भूमिका में नजर आए थे।

## विंग्ड आईलाइनर लगाते समय इन 5 बातों का रखें खास ध्यान, लुक लगेगा बेहतरीन

आंखों को आकर्षक बनाने के लिए महिलाएं कई तरीके की आईलाइनर का इस्तेमाल करती हैं। इनमें से एक है विंग्ड आईलाइनर, जो आंखों को एक खास और ग्लैमरस लुक देता है, लेकिन इसे लगाते समय कुछ जरूरी बातों का ध्यान रखना जरूरी है ताकि आपका लुक बेहतरीन लगे।इस लेख में हम आपको विंग्ड आईलाइनर लगाने के लिए पांच महत्वपूर्ण टिप्स देंगे, जिससे आप बिना किसी गलती के इसे सही तरीके से लगा सकें।



### आंखों की आकृति को समझें

विंग्ड आईलाइनर लगाते समय सबसे पहले अपनी आंखों की आकृति को समझना जरूरी है।अगर आपकी आंखें बड़ी हैं तो आपको पतली सी लाइन खींचनी होगी, वहीं छोटी आंखों पर आपको थोड़ा मोटा लाइन खींचना होगा ताकि आपकी आंखें बड़ी और खुली दिखें।इसके अलावा अगर आपकी आंखें ऊपर की तरफ झुकी हुई हैं तो आपको ऊपर की तरफ लाइन खींचनी होगी, जिससे आपका लुक और भी खास लगेगा।

### सही आईलाइनर का चयन करें

विंग्ड आईलाइनर लगाने के लिए सही आईलाइनर का चयन करना बहुत अहम है।पेंसिल, जेल या लिक्विड आईलाइनर में से कौन-सा आपके लिए बेहतर रहेगा, यह आपके हाथ की स्थिरता पर निर्भर करता है।अगर आपका हाथ आईलाइनर लगाते समय हिलता रहता हैं तो पेंसिल आईलाइनर सबसे अच्छा विकल्प हो सकता है क्योंकि इसे लगाना आसान होता है।वहीं अगर आप प्रोफेशनल हैं तो लिक्विड आईलाइनर का उपयोग कर सकती हैं, जिससे आपको एक सुंदर लुक मिलेगा।

### शुरुआत छोटी लाइन से करें

विंग्ड आईलाइनर लगाने की शुरुआत हमेशा छोटी लाइन से करनी चाहिए।सबसे पहले अपनी पलकों की जड़ पर छोटी-छोटी बिंदियां बनाएं और फिर उन्हें आपस में जोड़ते हुए बाहर की तरफ लाएं। इससे आपको सही दिशा मिलेगी और आपकी आईलाइनर की लंबाई भी बराबर रहेगी।इसके बाद धीरे-धीरे इसे मोटा करते हुए अपनी इच्छानुसार विंग बनाएं। इस तरह से आप बिना किसी गलती के एक बेहतरीन विंग्ड आईलाइनर पा सकेंगी।

### दोनों आंखों पर समानता बनाए रखें

विंग्ड आईलाइनर लगाते समय दोनों आंखों पर समानता बनाए रखना बहुत जरूरी है।

अक्सर देखने में आता है कि किसी एक आंख पर आईलाइनर ज्यादा मोटा होता है जबकि दूसरी पर पतला रह जाता है। इससे आपका लुक बिगड़ सकता है। इसलिए दोनों आंखों पर एक ही तरह से और बराबर मोटाई में आईलाइनर लगाएं।इसके अलावा अगर आप चाहती हैं कि आपका लुक ज्यादा आकर्षक लगे तो आईलाइनर को सूखने दें और फिर आंखों पर मस्कारा लगाएं।

### अंतिम टच देना न भूलें

आईलाइनर लगाने के बाद अंतिम टच देना भी उतना ही अहम होता है जितना कि शुरुआत में ध्यान देना।आईलाइनर सूखने के बाद अगर कहीं कोई कमी रह गई हो या फिर कोई छोटा-मोटा सुधार करना हो तो उसे तुरंत करें ताकि आपका लुक पूरी तरह से बेहतरीन लगे। इस तरह इन पांच आसान लेकिन जरूरी बातों का ध्यान रखकर आप बिना किसी गलती के आसानी से विंग्ड आईलाइनर लगा सकती हैं।

## ब्रोकली को इन 5 कारणों से अपनी डाइट में करें शामिल, मिलेंगे कई फायदे



जब बात सब्जियों की आती है तो कई लोग अपनी पसंद के अनुसार ही सब्जियां खरीदते हैं, लेकिन हर सब्जी के अपने पोषक तत्व और फायदे होते हैं।

इसी तरह ब्रोकली एक ऐसी सब्जी है, जो कई पोषक तत्वों से भरपूर होती है। यह कई खास यौगिकों से भरी होती है, जो कई स्वास्थ्य लाभ दे सकते हैं।

आइए आज हम आपको डाइट में ब्रोकली को शामिल करने के विभिन्न कारण बताते हैं।

### कैंसर का खतरा कम करने में है सहायक

ब्रोकली में एंटी-ऑक्सीडेंट गुण होते हैं, जो शरीर को हानिकारक तत्वों से बचाने में मदद कर सकते हैं।

ये हानिकारक तत्व कैंसर का कारण बन सकते हैं। कई अध्ययनों के मुताबिक, ब्रोकली का सेवन करने से शरीर में एंटी-ऑक्सीडेंट की मात्रा बढ़ जाती है, जिससे कैंसर का खतरा कम हो सकता है।

इसके अलावा ब्रोकली में एक खास यौगिक होता है, जो कैंसर कोशिकाओं को बढ़ने से रोक सकता है।

### हालांकि, यह कैंसर का इलाज नहीं है।

### आंखों के लिए है फायदेमंद

आंखों के लिए ब्रोकली का सेवन बहुत फायदेमंद माना जाता है। ब्रोकली में कुछ ऐसे तत्व होते हैं, जो आंखों क ी रोशनी को कम होने से बचा सकते हैं। इ स के अलावा ये तत्व आंखों की सेहत को भी बनाए रखते हैं।कई अध्ययनों के मुताबिक, ये तत्व मोतियाबिंद और उम्र से संबंधित आंखों की समस्याओं के जोखिम को भी कम कर सकते हैं।इसलिए ब्रोकली को अपनी डाइट में शामिल करना लाभदायक हो सकता है।

### दिल को स्वस्थ रखने में है सहायक

ब्रोकली का सेवन दिल की सेहत के लिए बहुत फायदेमंद हो सकता है।

ब्रोकली में एंटी-ऑक्सीडेंट और सूजनरोधी गुण होते हैं, जो खराब कोलेस्ट्रॉल के ऑक्सीडेशन को रोकने में मदद करते हैं। ये गुण खराब कोलेस्ट्रॉल को प्लाक बनने से भी रोक सकते हैं, जिससे धमनियों में रूकावट नहीं होती और दिल स्वस्थ रहता है।इसके साथ ही ब्रोकली में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट शरीर में एंटी-ऑक्सीडेंट की मात्रा को बढ़ाकर दिल को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं।

### रोग प्रतिरोधक क्षमता को दे सकते हैं मजबूती

ब्रोकली में कई प्रकार के विटामिन और खनिज होते हैं, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने में मदद कर सकते हैं, जैसे कि विटामिन-सी, विटामिन-के, विटामिन-ए, विटामिन-बी6, फोलेट, पोटेशियम, मैग्नीशियम और फास्फोरस।

विटामिन-ष्ट एक शक्तिशाली एंटी-ऑक्सीडेंट है, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है और शरीर को रोगों से लड़ने की क्षमता प्रदान करता है।

इसके अलावा ब्रोकली में मौजूद विटामिन-ए और विटामिन-बी6 भी प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने में मदद करते हैं।

### वजन को नियंत्रित करने में है प्रभावी

अगर आप अपना वजन नियंत्रित करना चाहते हैं तो ब्रोकली का सेवन जरूर करें।

ब्रोकली में मौजूद फाइबर पाचन क्रिया को स्वस्थ रखता है और पेट को लंबे समय तक भरा हुआ महसूस करवाता है, जिससे आप बार-बार खाने से बच सकते हैं।

इसके अलावा ब्रोकली में मौजूद कम कैलोरी भी वजन कम करने में मदद कर सकती है।

इसके साथ ही ब्रोकली का नियमित सेवन आपके वजन को संतुलित रखने में मददगार हो सकता है।

# पाक सेना प्रमुख की भड़काऊ बयानबाजी, फिर अलापा टू नेशन थ्योरी का राग



इस्लामाबाद (आरएनएस)। पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष (सीओएएस) जनरल सैयद असीम मुनीर ने शनिवार को एक बार फिर द्वि-राष्ट्र सिद्धांत का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि इसके पीछे मूल विचार यह है कि मुस्लिम और हिंदू दो अलग-अलग राष्ट्र हैं।

मुनीर ने ऐबटाबाद के काकुल में पाकिस्तान मिलिट्री अकादमी (पीएमए) में पासिंग आउट परेड को संबोधित करते हुए कहा, द्वि-राष्ट्र सिद्धांत इस मौलिक विश्वास पर आधारित है कि मुसलमान और हिंदू एक नहीं, बल्कि दो अलग-अलग राष्ट्र हैं। मुसलमान जीवन के सभी पहलुओं - धर्म, रीति-रिवाज, परंपरा, सोच और आकांक्षाओं - में हिंदुओं से अलग हैं। पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने जोर देकर कहा कि पाकिस्तान का अस्तित्व 'अद्वितीय संघर्ष और कुर्बानी' का नतीजा है। उन्होंने कहा कि इसकी सुरक्षा करना देश के सशस्त्र बलों का कर्तव्य है। मुनीर ने पहलगाम हमले के बाद भारत के साथ बढ़ते तनाव का जिक्र करते हुए कहा, हमारे पूर्वजों ने पाकिस्तान के निर्माण के लिए बलिदान दिया। हम जानते हैं कि इसकी रक्षा कैसे करनी है।

इस सभा को प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान पहलगाम आतंकी हमले की किसी भी 'तटस्थ, पारदर्शी और विश्वसनीय' जांच में भाग लेने के लिए तैयार है। आतंकियों ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर में एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल - पहलगाम स्थित बैसरन घाटी में लोगों (ज्यादातर पर्यटक) पर अंधाधुंध गोलियां चला दी थीं। हमले में कम से कम 26 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। पहलगाम हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया है।

यह पहली बार नहीं है जब मुनीर ने द्वि-राष्ट्र सिद्धांत का जिक्र किया हो। पहलगाम में जघन्य हमले से कुछ दिन पहले ही पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने एक बेहद भड़काऊ भाषण दिया था। 16 अप्रैल को इस्लामाबाद में मुनीर ने पीएम शरीफ की मौजूदगी में ही प्रवासी पाकिस्तानियों के सम्मेलन को संबोधित किया।

## पहलगाम हमले के बाद बढ़ा तनाव

# पाकिस्तान को चीन से मिलीं घातक PL-15 मिसाइलें, युद्ध की आशंका बढ़ी

इस्लामाबाद (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव के बीच, पाकिस्तान को चीन से 100 से अधिक PL-15 लंबी दूरी की हवा से हवा में मार करने वाली (VLRAAM) मिसाइलें मिली हैं। इस कदम से दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण स्थिति के किसी भी समय एक बड़े संघर्ष में बदलने की आशंका बढ़ गई है।



इन नई मिसाइलों की अधिकतम मारक क्षमता 200 किलोमीटर बताई गई है, जो पाकिस्तान वायुसेना के पास पहले से मौजूद JF-17 विमानों में इस्तेमाल होने वाली PL-12 मिसाइलों की 100 किलोमीटर की रेंज से काफी अधिक है। खुफिया रिपोर्टों के अनुसार, पाकिस्तान वायुसेना ने इन घातक PL-15 मिसाइलों को अपने JF-17 थंडर ब्लॉक-3 विमानों के साथ एकीकृत किया है। इसके अलावा, JF-17 ब्लॉक-3 के विंग टिप्स पर PL-10E WVRM HOBS सक्षम मिसाइलें भी देखी जा सकती हैं, जो क्लोज-क्वार्टर कॉम्बैट में प्रभावी मानी जाती हैं। इस बीच, बढ़ते तनाव के माहौल में पाकिस्तानी उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री सीनेटर मोहम्मद इशाक डार ने चीनी राजदूत जियांग जैदोंग से मुलाकात की है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने इस मुलाकात की जानकारी देते हुए बताया कि दोनों पक्षों ने पाकिस्तान और चीन के बीच हर मौसम में रणनीतिक साझेदारी की पुष्टि की। उन्होंने उभरते क्षेत्रीय हालात पर विचारों का आदान-प्रदान किया और निकट संचार और समन्वय बनाए रखने पर सहमति व्यक्त की।

## निष्पक्ष जांच को तैयार : पहलगाम आतंकी हमले पर पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ

इस्लामाबाद (आरएनएस)। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने शनिवार को कहा कि पाकिस्तान इस हफ्ते कश्मीर के पहलगाम में 26 लोगों की हत्या की किसी भी 'निष्पक्ष और पारदर्शी' जांच के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने आतंकवाद के सभी रुपों की आलोचना की है और देश खुद इसका शिकार रहा है।

आतंकियों ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर में एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल - पहलगाम स्थित बैसरन घाटी में लोगों (ज्यादातर पर्यटक) पर अंधाधुंध गोलियां चला दी थीं। हमले में कम से कम 26 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए।

डॉन.कॉम के मुताबिक काकुल में पाकिस्तान मिलिट्री अकादमी में पासिंग-आउट परेड को संबोधित करते हुए, शहबाज शरीफ ने कहा कि भारत बिना किसी विश्वसनीय जांच या सत्यापन योग्य सबूत के आधारहीन और झूठे आरोप पाकिस्तान पर लगा रहा है।

पाकिस्तानी पीएम ने कहा, एक जिम्मेदार देश के रूप में अपनी भूमिका को जारी रखते हुए, पाकिस्तान किसी भी निष्पक्ष, पारदर्शी और विश्वसनीय जांच में भाग लेने के लिए तैयार है।

इस दौरान शहबाज शरीफ ने एक बार फिर जम्मू कश्मीर का राग अलापा। उन्होंने कहा, मुझे कश्मीर के महत्व को रेखांकित करना होगा, जैसा कि राष्ट्र के संस्थापक कायदे-आजम मोहम्मद अली जिन्ना ने सही कहा था, कश्मीर पाकिस्तान की गर्दन की नस है।

प्रधानमंत्री ने कहा, पाकिस्तान ने हमेशा आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों की निंदा की है। उन्होंने पाकिस्तान को आतंकवाद के खिलाफ दुनिया का अग्रणी देश बताते हुए कहा, हमने भारी नुकसान उठाया, जिसमें 90,000 लोग हताहत हुए और 600 बिलियन डॉलर से अधिक की आर्थिक हानि हुई। पहलगाम हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया है। नई दिल्ली ने इस्लामबाद के खिलाफ कई सख्त कूटनीतिक और रणनीतिक कदम उठाए हैं। इनमें 1960 के सिंधु जल समझौते को तुरंत प्रभाव से निलंबित करने, अटारी इंटिग्रेटेड चेक पोस्ट को बंद करने, पाकिस्तानी नागरिकों के लिए वीजा सेवाओं को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने, जैसे कई कदम उठाए हैं।भारत के इन फैसलों के बाद पाकिस्तान ने शिमला समझौते को स्थगित करने और भारतीय उड़ानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र को बंद करने जैसे कुछ कदम उठाए हैं।

## भारत की 'वाटर स्ट्राइक' से बौखलाया पाकिस्तान, पीएम शहबाज शरीफ देने लगे खुली चुनौती

इस्लामाबाद(आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत द्वारा सिंधु जल संधि को लेकर लिए गए सख्त रुख से पाकिस्तान सकते में है। पहले से ही आर्थिक तंगी से जूझ रहे पाकिस्तान को अब पानी की कमी का डर सताने लगा है। इसी बौखलाहट में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भारत को अप्रत्यक्ष रूप से चेतावनी देते हुए कहा है कि पाकिस्तान के पानी को रोकने की जुर्रत न करे, अन्यथा पाकिस्तानी सेना मुंहतोड़ जवाब देगी।प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने एक बयान में कहा, पाकिस्तान के पानी को कम करने या मोड़ने की किसी भी कोशिश का पूरी ताकत से जवाब दिया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि किसी को भी इस मामले में कोई गलतफहमी नहीं होनी चाहिए। पाकिस्तान 240 मिलियन लोगों का देश है और हम अपनी बहादुर सशस्त्र सेनाओं के पीछे मजबूती से खड़े हैं।शरीफ ने स्पष्ट लहजे में कहा, सबको यह संदेश जोर से और साफ सुनाई देना चाहिए। शांति हमारी प्राथमिकता है। हम अपनी अखंडता और सुरक्षा पर कभी समझौता नहीं करेंगे। गौरतलब है कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने सिंधु जल संधि को निलंबित करने का बड़ा फैसला लिया है। जिस पर पाकिस्तान की ओर से तीखी प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। भारत के इस कदम को पाकिस्तान पर दबाव बनाने की रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है, ताकि वह आतंकवाद को समर्थन देना बंद करे। भारत ने साफ कर दिया है कि जब तक पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद को पूरी तरह से खत्म नहीं करता, तब तक सिंधु जल संधि पर आगे बढ़ना मुश्किल होगा। भारत के इस रुख से पाकिस्तान में खलबली मच गई है और पानी को लेकर उसकी चिंताएं बढ़ गई हैं।

# काठमांडू में पाकिस्तान के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन, पाक दूतावास बंद करने की मांग



काठमांडू(आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले में एक नेपाली नागरिक की मौत के विरोध में शनिवार को काठमांडू में पाकिस्तान के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन हुआ। बड़ी संख्या में युवाओं ने पाकिस्तानी दूतावास के सामने एकत्र होकर विरोध जताया और दूतावास को बंद करने की मांग की।प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान पर आतंकवाद को प्रायोजित करने का आरोप लगाया और कहा कि इसी कारण एक निर्दोष नेपाली नागरिक की जान गई। प्रदर्शन के दौरान 'पाकिस्तान मुर्दाबाद' के नारे लगाए गए और पाकिस्तान के सेना प्रमुख की तस्वीरें लेकर प्रदर्शनकारियों ने कड़ा विरोध जताया।प्रदर्शनकारियों ने नेपाल सरकार से मांग की कि पाकिस्तान से राजनयिक संबंधों पर पुनर्विचार किया जाए और काठमांडू स्थित पाकिस्तानी दूतावास को बंद कर दिया जाए। उनका कहना था कि जब तक पाकिस्तान आतंकवाद को समर्थन देता रहेगा, तब तक इस प्रकार की घटनाएं होती रहेंगी और निर्दोष नागरिकों की जान जाती रहेगी।गौरतलब है कि कुछ दिन पहले जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में दो दर्जन से अधिक पर्यटकों की हत्या कर दी गई थी, जिसमें एक नेपाली नागरिक भी शामिल था।

## हथियारबंद लोगों ने खेला मौत का तांडव, घर-घर जाकर 20 लोगों को उतारा मौत के घाट

अबुजा,(आरएनएस)। नाइजीरिया के उत्तर-पश्चिमी जम्फारा राज्य के एक खनन गांव में हथियारबंद लोगों ने कम से कम 20 लोगों की हत्या कर दी और दर्जनों लोगों को घायल कर दिया। एमनेस्टी इंटरनेशनल नाइजीरिया ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि बंदूकधारी डैन गुलबी जिले के गोबिरावा चाली गांव में मोटरसाइकिलों पर पहुंचे और घर-घर जाकर लोगों की हत्या करना शुरू कर दिया।बंदूकधारियों का पहला लक्ष्य एक सोने की खदान वाली जगह थी, जहां उन्होंने शुरुआत में 14 लोगों की हत्या की, उसके बाद घरों और एक मस्जिद में और शव मिले। हमले का संभावित मकसद स्पष्ट नहीं था, लेकिन डाकू समूह संघर्ष-ग्रस्त उत्तरी क्षेत्र में सामूहिक हत्याओं और फिरौती के लिए अपहरण के लिए जाने जाते हैं, जिनमें से अधिकांश पूर्व चरवाहे हैं जो बसे हुए समुदायों के साथ संघर्ष में थे। दर्जनों सशस्त्र समूह नाइजीरिया के खनिज समृद्ध उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में सीमित सुरक्षा उपस्थिति का लाभ उठाकर गांवों और प्रमुख सड़कों पर हमले करते हैं। एमनेस्टी इंटरनेशनल नाइजीरिया ने अपने पोस्ट में कहा कि दान गुलबी जिले के लोगों पर बंदूकधारियों द्वारा बार-बार हमला किया गया है और वे लगातार संभावित हमले के डर में जी रहे हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि हमले के बाद से कई लोग लापता हैं।

# खेल समाचार

## सनराइजर्स हैदराबाद ने चेन्नई को 5 विकेट से हराया

### -हर्षल पटेल ने चटकाए 4 विकेट और बने प्लेयर ऑफ द मैच

चेन्नई,(आरएनएस)। आईपीएल 2025 के 43वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने चेन्नई सुपर किंग्स को 8 बॉल शेष रहते हुए 5 विकेट से हरा दिया है. यह हैदराबाद की इस सीजन 9 मैचों में तीसरी जीत है जबकि चेन्नई की 9 मैचों में 7वीं हार है. इस मैच में टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए सीएसके ने 20 ओवर में 10 विकेट खोकर 154 रन बनाए. हैदराबाद ने जीत के लिए मिले 155 रनों के लक्ष्य को 18.4 ओवर में 5 विकेट गंवाकर हासिल कर लिया।

सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से जीत के लिए मिले 155 रनों के लक्ष्य का पीछा करने के लिए अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड आए. ये दोनों खास कमाल नहीं दिखा पाए. अभिषेक (0) और हेड (19) जल्द पवेलियन लौट गए. टीम को जीत दिलाने में ईशान किशन ने अहम भूमिका निभाई. उन्होंने नंबर तीन पर आकर 34 बॉल में 5 चौके और 1 छक्के के साथ 44 रनों की पारी खेलकर हैदराबाद को जीत के करीब पहुंचाया.

हैदराबाद की ओर से कमिंडू मेंडिस ने 22 बॉलों में नाबाद 32 रनों की पारी खेली. मेंडिस के अलावा नीतीश कुमार रेड्डी ने नाबाद 19 और अनिकेत शर्मा ने भी 19 रनों का योगदान दिया और अपनी टीम को जीत दिलाई. चेन्नई सुपर किंग्स के लिए नूर अहमद ने 2 विकेट अपने नाम किए जबकि खलील अहमद,अंशुल कंबोज और रविंद्र जडेजा ने 1-1 हासिल किया।

इससे पहले चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से इस मैच में आयुष मात्रे ने 19 बॉल में 6 चौकों के साथ 30 रन और डेवाल्ड ब्रेविस ने 25 बॉल में 4 चौके और 5 छक्कों के साथ 42 रन बनाए और सीएसके के लिए टॉप स्कोरर रहे. वहीं रविंद्र जडेजा ने 21 और दीपक हुड्डा ने 22 रनों का योगदान दिया. इनके बल्लेबाजों के अलावा अन्य कोई भी खिलाड़ी टीम के लिए बड़ी पारी नहीं खेल पाया और टीम सिर्फ 154 रन ही बना पाई।

हैदराबाद के लिए हर्षल पटेल ने 4 ओवर में 28 रन देकर 4 विकेट हासिल किए. हर्षल ने सैम करन (9), डेवाल्ड ब्रेविस (42), एमएस धोनी (6) और नूर अहमद (2) का शिकार किया. हर्षल के अलावा पैट कमिंस और जयदेव उनादकट ने 2-2 विकेट हासिल किए. मोहम्मद शमी और कमिंडू मेंडिस ने भी 1-1 विकेट चटकाया।

## सीएसके बनाम एसआरएच मैच में मोहम्मद शमी ने आईपीएल में रचा इतिहास

### मलिंगा और बोल्ट को पछाड़कर बने पहले गेंदबाज

चेन्नई, (आरएनएस)। टीम इंडिया के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने 25 आप्रैल को एमए चिदंबरम स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच में इतिहास रच दिया. वह आईपीएल इतिहास में चार बार पारी की पहली गेंद पर विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बन गए हैं. उन्होंने ये कारनामा चेन्नई के युवा सलामी बल्लेबाज शेख रशीद को मैच की पहली गेंद पर आउट करके किया.शमी की गेंद को बल्लेबाज ने ऑफसाइड में धकेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद बल्ले के किनारे को छोती हुई स्लिप में चली गई, जहां अभिषेक शर्मा ने कोई गलती नहीं की और आसान सा कैच पकड़कर शमी को इतिहास रचने का मौका दे दिया।

ये चौथी बार था जब शमी ने पारी की पहली गेंद पर विकेट लिया हो, इससे पहले वो जैक्स कैलिस (दुबई, 2014), केएल राहुल (वानखेड़े, 2022) और फिल साल्ट (अहमदाबाद, 2023) जैसे खिलाड़ियों को पारी की पहली गेंद पर आउट कर चुके हैं. मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट, लसिथ मलिंगाा और आशोक डिंडा ने 3-3 बार यह उपलब्धि हासिल की है।

# आईपीएल में आज होगा दिल्ली और आरसीबी में मुकाबला

### शाम साढ़े 7 बजे शुरू होगा मैच

नई दिल्ली (ए)। आईपीएल में रविवार को दिल्ली कैपिटल्स टीम अपने घरेलू मैदान पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी। दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज केएल राहुल इस मैच में बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे। वहीं आरसीबी की ओर से विराट का लक्ष्य बड़ी पारी खेलना रहेगा। दोनो ही टीमें अंक तालिका में दूसरे ओर तीसरे नंबर पर हैं। ऐसे में दोनो ही जीत की दावेदार मानी जा रही हैं। दोनो के पास ही अच्छे बल्लेबाज और गेंदबाज हैं।

दिल्ली और आरसीबी दोनों के प्ले-ऑफ में पहुंचने की उम्मीद है, ऐसे में दोनो ही अपनी ओर से जीत के लिए पूरी ताकत लगा देंगी। फ़िरोज़ शाह कोटला आरसीबी विराट का घरेलू मैदान रहा है और विरोधी टीम में होने के बावजूद उन्हें यहां दर्शकों का भरपूर समर्थन मिलने की संभावना है। कोहली इस समय बेहतरीन फॉर्म में चल रहे हैं और उनपर सभी की नजरें रहेंगी। वहीं दिज्ली की ओर राहुल ने इस सत्र में सबसे अधिक रन बनाये हैं। अभी भारतीय टी20 टीम का हिस्सा नहीं है लेकिन आईपीएल में विकेट के आगे और विकेट के पीछे अच्छे प्रदर्शन के बाद राष्ट्रीय चयन



समिति निश्चित तौर पर उनके नाम पर विचार करेगी। वहीं इस मैच में सभी की नजरें आरसीबी के तेज गेंदबजा जोश हेज़लवुड और कैपिटल्स के मिचेल स्टार्क के प्रदर्शन पर भी रहेंगी। हेज़लवुड टूर्नामेंट में 16 विकेट के साथ सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अपने पिछले मैच में 19वें ओवर में शानदार प्रदर्शन करके आरसीबी की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। वहीं स्टार्क ने भी छोड़ने में पीछे नहीं रहे हैं। उन्होंने भी राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ बेहतरीन प्रदर्शन करके अपनी टीम को जीत दिलाई थी। ऐसे में दोनो के बीच रोमांचक टक्कर होने की संभावना है।

स्पिनर के तौर पर दिल्ली के कुलदीप यादव हैं। उन्होंने विरोधी टीम को काफी नुकसान पहुंचाया है। आठ मैचों में 12 विकेट लेने के अलावा, बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर ने 6.50 रन प्रति ओवर की किफायती दर से रन दिए हैं। ऐसे में आरसीबी के बल्लेबाजों के लिए उनका सामना करना आसान नहीं होगा। वहीं सुयश शर्मा ने भी आरसीबी की तरफ से अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। वह यहां के हालातों को जानते हैं जिसका लाभ उन्हें मिल सकता है। दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल ने आगे बढ़कर नेतृत्व किया है। भले ही उन्होंने चोट के कारण प्रतियोगिता में बहुत अधिक गेंदबाजी नहीं की है पर पिछले मैच में उन्होंने अपने ओवरों का पूरा कोटा पूरा किया जो टीम के लिए एक और सकारात्मक संकेत है। दिल्ली की पारी अभिषेक पोरेल और करुण नायर के शुरु करने की उम्मीद है।

## मुम्बई इंडियंस और लखनऊ सुपर जाइंट्स में मुकाबला आज

### दोपहर साढ़े तीन बजे शुरू होगा मैच

वानखेड़े (ए)। आईपीएल में रविवार को पांच बार की विजेता मुम्बई इंडियंस का मुकाबला लखनऊ सुपर जाइंट्स से होगा। इस मैच में मुम्बई की टीम को अपने घरेलू मैदान का लाभ मिलेगा। शुरुआती सत्र में खराब प्रदर्शन से उबरने हुए मुम्बई तेजी से आगे बढ़ी है और प्लेऑफ के दावेदारों में शामिल हुई है। वहीं सुपर जाइंट्स की टीम भी प्लेऑफ की दावेदार है पर उसे अपने कप्तान ऋषभ पंत के खराब प्रदर्शन से नुकसान हुआ है। मुम्बई की टीम इस मैच में भी जीत का सिलसिला बनाये रखना चाहेगी जबकि लखनऊ की नजरें शीर्ष-4 में पहुंचने पर रहेंगी। इन दोनों टीम के अभी तक समान 10 अंक हैं लेकिन मुंबई बेहतर नेट रन रेट के आधार पर चौथे जबकि लखनऊ की टीम छठे स्थान पर है। अब तक नौ मैचों में से इन दोनों ने पांच मैच जीते हैं और चार हारे हैं। लखनऊ की टीम जीत के अलावा अपने नेट रन रेट को भी बेहतर करना चाहेगी।

लखनऊ के कप्तान ऋषभ ने अभी तक नौ मैचों में 106 रन बनाए हैं और वह बल्लेबाजों की सहायक इस पिच पर बड़े स्कोर बनाना चाहेंगे। मुंबई के मजबूत गेंदबाजी आक्रमक के सामने हालांकि ये आसान नहीं होगा। मुम्बई के पास जसप्रीत बुमराह जैसा गेंदबाज है। मुंबई की टीम सही समय पर लय मे आयी है। लगातार चार मैच जीत कर वह प्लेऑफ में पहुंचने की दौड़ में आगे हो गयी है।

मुंबई के मुख्य खिलाड़ी रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, ट्रेंट बोल्ट और यहां तक कि हार्दिक पांड्या सही समय पर फॉर्म में लौट आए हैं और उनसे निपटना किसी भी टीम के लिए आसान नहीं होगा। रोहित ने चेन्नई सुपर किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ दो आक्रामक अर्धशतकों के साथ लय हासिल कर ली है और अब वह विरोधी टीमों के लिए सबसे बड़ा खतरा बन गए हैं।

# पाकिस्तान के साथ किसी भी प्रकार के क्रिकेट संबंध नहीं रखे भारत : गांगुली



चेन्नई (ए)। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम को आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के खिाफ पांच विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा है। इस मैच में जहां सीएसके के सभी बल्लेबाज तेज गेंदबाजों पर आउट हुए, वहीं ऑलराउंडर रविन्द्र जडेज स्पिनर का शिकार बने। इससे एक बार फिर जडेज की स्पिनरों के खिलाफ कमजोर सामने आ गयी है। जडेजा को श्रीलंकाई स्पिनर कामिंदु मेंडिस ने आउट किया। जडेजा ने 17 गेंदों पर 21 रन बनाये। जडेजा आईपीएल 2018 के बाद से ही को स्पिन के खिलाफ संघर्ष करते आये है। जडेजा ने इस दौरान 53 पारियां खेली हैं और वह 9 बार स्पिनर की गेंद पर आउट हुए। इस दौरान उनका औसत भी केवल 21.22 रहा है। जडेजा हर प्रकार की स्पिन के खिलाफ संघर्ष करते रहे हैं। ऑफ स्पिन और चाइनामैन गेंदबाजी के खिलाफ उनका प्रदर्शन और भी कमजोर है रहा है। इसमें उनका औसत क्रमश: 13.75 और 17.00 का ही रहा है।जडेजा ने आईपीएल 2018 के बाद से ही 39 पारियों में 32.50 की औसत से रन बनाए हैं पर उनका स्ट्राइक रेट 101.56 का ही रहा है। स्पिनर के खिलाफ उनके खराब प्रदर्शन से सीएसके को भी नुकसान हो रहा है। इसी कारण पांच बार की विजेता सीएसके इस बार अंतिम स्थान पर रही है। आईपीएल 2018 से अब तक के आंकड़ों की बात करें तो स्वयं महेंद्र सिंह धोनी भी स्पिनरों के सामने आसानी से रन नहीं बना पाये हैं। धोनी ने इस दौरान 57 पारियों में स्पिनरों के खिलाफ शुरुआती 10 गेंदों पर केवल 88 की स्ट्राइक रेट से रन बनाये हैं।

## स्पिनरों के सामने संघर्ष कर रहे जडेजा

चेन्नई (ए)। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम को आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के खिाफ पांच विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा है। इस मैच में जहां सीएसके के सभी बल्लेबाज तेज गेंदबाजों पर आउट हुए, वहीं ऑलराउंडर रविन्द्र जडेज स्पिनर का शिकार बने। इससे एक बार फिर जडेज की स्पिनरों के खिलाफ कमजोर सामने आ गयी है। जडेजा को श्रीलंकाई स्पिनर कामिंदु मेंडिस ने आउट किया। जडेजा ने 17 गेंदों पर 21 रन बनाये। जडेजा आईपीएल 2018 के बाद से ही को स्पिन के खिलाफ संघर्ष करते आये है। जडेजा ने इस दौरान 53 पारियां खेली हैं और वह 9 बार स्पिनर की गेंद पर आउट हुए। इस दौरान उनका औसत भी केवल 21.22 रहा है।

## ड्रैग फ्लिक ताइकेमा दे रहे भारतीय महिला हॉकी खिलाड़ियों को प्रशिक्षण

नई दिल्ली (ए)। भारतीय महिला हॉकी टीम 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक के लिए अभी से तैयारियों में लगी है। हॉकी इंडिया ने टीम की तैयारियों के लिए नीदरलैंड के दिग्गज ड्रैग फ्लिक ताइके ताइकेमा से भी करार किया है। इसी के तहत ताइकेमा टीम की इस कमजोरी को भी टीम करने में लगे हैं। ताइकेमा ने पिछले महीने भुवनेश्वर में प्रो लीग से पहले सात दिवसीय शिविर में भी भारतीय खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया था। भारत ने प्रो लीग के घरेलू चरणों में इंग्लैंड, जर्मनी, नीदरलैंड और स्पेन के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था। ताइकेमा के मार्गदर्शन में शिविर का मुख्य उद्देश्य तकनीकी कौशल को निखारने के साथ ड्रैग फ्लिक की सटीकता में सुधार करना था। भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने कहा कि शिविर खिलाड़ियों के लिए बहुत फायदेमंद रहा और ताइकेमा लॉस एंजिल्स खेलों तक अल्पकालिक आधार पर टीम के साथ काम करना जारी रखेंगे। उन्होंने कहा, ''ताइकेमा ड्रैग फ्लिक के मामले में सबसे महान दिग्गजों में से एक हैं।

# राजस्व मंत्री ने इछावर जनपद के ग्राम सेमलीजदीद एवं कुंडी में 32.50 लाख रुपये से अधिक के विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन

## सरकार निरंतर विकास के कार्य कर रही है - राजस्व मंत्री श्री वर्मा





सीहोर (निप्र)। राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने इछावर जनपद के ग्राम पंचायत सेमलीजदीद एवं ग्राम कुंडी में आयोजित कार्यक्रम में 32.50 लाख रुपये से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में देश एवं प्रदेश का निरंतर विकास हो रहा है। सरकार सबका साथ, सबका विकास करने की भावना के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जनकल्याण के लिए अनेकों हितग्राही मूलक योजनाएं चलाई जा रहीं हैं। इन सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है एवं उनके लिए अनेकों योजनाएं चलाई जा रही हैं।

सरकार द्वारा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत बहनों को 1250 रूपये प्रतिमाह दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि गरीबों के स्वयं के पक्के घर के सपने को साकार करने के लिए सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना चलाई जा रही है।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा गरीबों को निशुल्क राशन दिया जा रहा है और महिलाओं को धुंए से मुक्ति दिलाने के लिए प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन दिए गए हैं। इसके साथ ही सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य सहित सभी क्षेत्रों में निरंतर कार्य कर रही है।

### इन विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन

राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने ग्राम सेमलीजदीद में आयोजित कार्यक्रम में 25 लाख रुपये लागत की पुलिया, एक लाख रुपये लागत के चबुतरा निर्माण कार्य एवं 04 लाख रुपये लागत के मुरमीकरण कार्य का लोकार्पण किया।

इसके साथ ही उन्होंने ग्राम कुंडी में होने वाले पुलिया निर्माण कार्य एवं 02.50 लाख रुपये लागत के चबुतरा निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।

# आज किया जाएगा अमावस्या पर मंडल का आह्वान

## दुर्गा सप्तशती के पाठ के साथ किया गया हवन-पूजन



सीहोर (निप्र)। हर साल की तरह इस साल भी शहर के सीवन तट पर हनुमान मंदिर गोपालधाम में शिव प्रदोष सेवा समिति के तत्वाधान में एक माह तक आयोजित होने वाले शिव शक्ति दिव्य अनुष्ठान वैशाख महापर्व के अंतर्गत शनिवार को सुबह यहां पर मौजूद श्रद्धालुओं के द्वारा मासिक शिव चतुर्दशी पर भगवान शिव के अभिषेक के साथ दुर्गा सप्तशती का पाठ किया गया। इस मौके पर पंडित कुणाल व्यास और समिति की ओर से मनोज दीक्षित मामा आदि शामिल थे। अब रविवार को गोपालघाम पर नौ मंडल का आह्वान किया जाएगा। अमावस्या पर छह बजे से भगवान शिव का अभिषेक, दोपहर में गायत्री मंत्र से हवन, हनुमान चालीसा का पाठ और रामचरित्र मानस पाठ का भी आयोजन किया जा रहा है। पंडित श्री व्यास ने बताया कि दुर्गा सप्तशती के पाठ से आध्यात्मिक ऊर्जा मिलती है, जो सकारात्मकता और शक्ति प्रदान करती है। यह पाठ देवी दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की महिमा का वर्णन करता है और साधक को मानसिक और शारीरिक कष्टों से मुक्ति दिलाता है. इसके अलावा, सप्तशती के पाठ से भय, बुरे सपने और तंत्र-मंत्र की बाधाओं से रक्षा मिलती है। दुर्गा सप्तशती का नियमित पाठ आपके जीवन में चमत्कारिक बदलाव लेकर लाता है। इस दिव्य शक्ति साधना से से साधक को जीवन में हर चुनौतियों और मुश्किलों का सामना करने का आत्मबल मिलता है। दुर्गा सप्तशती साधना आपके जीवन को तत्काल ही सकारात्मक ऊर्जा स्त्रोतों से भर देती है। इस बीज मंत्रात्मक दुर्गासप्तशती का पाठ करने पर साधक के व्यक्तित्व में सुंदर और सकारात्मक बदलाव आते हैं। उसके स्वास्थ्य में सुधार आता है, मानसिक, आर्थिक और सामाजिक उत्थान होता है। साथ ही साथ साधक की आध्यात्मिक उन्नति भी होती है। शक्ति साधनाओं में यह ग्रंथ एक बहुत ही शक्तिशाली ग्रन्थ है। जिन लोगों ने इसका पाठ किया उनके अनुभव बताते हैं कि, ये साधना अचूक है। इसके पाठ से घर की नकारात्मक उर्जा सकारात्मक ऊर्जा में परिवर्तित हो जाती है और पूरे परिवार में शांति आती है। इसकी साधना से नशे की आदत छूट जाती है और परिवार बर्बाद होने से बच जाता है। बीजमंत्रों वाली इस सप्तशती के पाठ में समय भी बहुत कम लगता है। इस बीजमंत्रात्मक साधना से शरीर में बहुत ही दिव्य ऊर्जा प्रस्फुटित होती है और व्यक्ति दिव्यता से भर जाता है।

# सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक जन जागरण के लिए हो रहा है गायत्री महायज्ञ का विराट आयोजन

## 11 सौ से अधिक कलश के साथ निकाली जाएगी भव्य शोभा कलश यात्रा



सीहोर (निप्र)। अखिल विश्व गायत्री परिवार के मार्गदर्शन में 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ रविवार को भव्य शोभा कलश यात्रा के माध्यम से होगा। इस मंगल कलश यात्रा में 1100 बहिंनें सिद्धपुर नगर की पवन जल और रज के साथ वैदिक विधि विधान आव्हान की गई देवशक्तियों को शक्ति के प्रतीक कलश के रूप में धारण कर गायत्री शक्तिपीठ नदी चौराहे से चलकर मनकामेश्वर चौराहा, कोतवाली चौराहा होती हुई शहर के सैकड़ाखेड़ी मार्ग माधव आश्रम के पास यज्ञ स्थल तक पहुंचेंगी, शोभा यात्रा में नशे के विरोध में और मानव धर्म के विविध स्त्रोत को प्रदर्शित करती हुई भव्य झांकियां सामिल रहेंगी। यात्रा में 3000 लोगों के भाग लेने की सम्भावना है। शनिवार को चार दिवसीय अध्यात्मिक महासमगम कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी उपजोन प्रभारी आरपी हजारी एवं महायज्ञ आयोजन समिति की मुख्य समन्वयक श्रीमती रमीला परमार द्वारा संयुक्त रूप से दी गई और कहा कि गायत्री महायज्ञ सामाजिक समरसता और नारी जागरण की क्रांति के पर्याय हैं। मीडिया प्रभारी श्रीमती पुष्पा शर्मा ने आमजन से यज्ञ में भाग लेने का निवेदन किया है। भोपाल से सुरेश श्रीवास्तव ने यहां पर चर्चा करते हुए आयोजन के विषय में विस्तार से बताया।महायज्ञ के संचालन के लिए ब्रह्मवादिनी बहनों की टोली शांतिकुंज हरिद्वार से सीहोर पधार चुकी है. मुख्य वक्ता के रूप में शांतिकुंज हरिद्वार से आदरणीया शैफाली पांड्या का विशेष उद्बोधन 29 अप्रैल को होगा. 28 अप्रेल प्रात: 7 बजे से नगर और क्षेत्र के चयनित 500 जोड़े के माध्यम से देवपूजन का विशेष क्रम रहेगा. 29 और 30 तारीख को प्रात: काल 7 से वैदिक विधि विधान से ब्रह्मवादिनी बहनों के द्वारा यज्ञ और विविध संस्कार सम्पन्न कराए जावेंगे. महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन सांयकाल में परिवारों में सुसंस्कारों के संवर्धन, समाज के नैतिक उत्थान और राष्ट्र के नवनिर्माण, नवदाम्पति शिविर से सम्बद्ध संगीत में प्रवचन की प्रस्तुति विद्वान वक्ता टोली नायक दीना त्रिवेदी के मार्गदर्शन दी जावेगी।

यज्ञ के पर्यवारण और मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभाव के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया कि यज्ञ के धुएँ का वायु, जल, मृदा पर सकारात्मक प्रभाव होता है इस सम्बन्ध में वैज्ञानिक शोध के निष्कर्ष सरकार तक पंहुचाये जाते।

# संविदा स्वास्थ्य कर्मियों ने जलाया एनएचएम के एमडी का आदेश



सीहोर (निप्र)। शनिवार को शहर के टाउन हाल पर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल कर रहे एनएचएम संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने बायकाट संविदा, बायकॉट मलेरिया जैसे नारों के साथ एनएचएम की प्रबंध संचालक एमडी द्वारा संविदा कर्मचारियों के खिलाफ जारी किए आदेश की होली जलाई। अब हजारों की संख्या में पूरे प्रदेश के संविदा स्वास्थ्य कर्मी राजधानी भोपाल में प्रदर्शन करेंगे। संविदा कर्मचारियों का आरोप है एनएचएम की एमडी द्वारा राज्य के सभी कलेक्टरों को पत्र भेजकर हड़ताली संविदा कर्मचारियों पर कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं, जो पूरी तरह दमनकारी है और यह उनके अधिकारों का हनन है। इसी के विरोध में जिले भर के संविदा कर्मचारियों ने एकजुट होकर इस आदेश की प्रतिलिपि की होली जलाई। इस मौके पर आईईसी गतिविधियों के तहत मच्छरदानी प्रदर्शन कर कर्मचारियों ने यह संदेश दिया जिस मेहनत और लगन से उन्होंने मलेरिया जैसी बीमारी पर काबू पाया, उसी प्रतिबद्धता से वे अब संविदा प्रथा को समाप्त करने के लिए संकल्पबद्ध हैं। यह भी स्पष्ट किया कि एनएचएम का आदेश कर्मचारियों को डराने-धमकाने का एक प्रयास है, जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम किसी भी दबाव में आकर हड़ताल समाप्त नहीं करेंगे। हमारा आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक हमारी सभी मांगें पूरी नहीं होतीं। इस दौरान कर्मचारियों ने संविदा नीति में सुधार, स्वास्थ्य बीमा की सुविधा, और अधिकारों की बहाली की मांग की। प्रदर्शन करने वालों में जिलाध्यक्ष अम्बर मालवीय, तरुण राठौर, मनीष दूबे, रोहित सिसोदिया, मुकेश बागेनिया, जितेंद्र आर्य, नरेंद्र मालवीय, राजकुमार, अमित त्रिपाठी, असद ख़ान, प्रदीप भावसार, अज़हर बेग आदि उपस्थित रहे।

## निजी फिजियोथेरेपी केंद्रों का अधिनियम के तहत पंजीयन अनिवार्य

सीहोर (निप्र)। शासन द्वारा सभी निजी फिजियोथेरेपी केन्द्रों का पंजीयन उपचर्यागृह तथा रूजोपचार संबंधी स्थापनाएं (रजिस्ट्रीकरण तथा अनुज्ञापन) अधिनियम, 1973 तथा नियम, 1997 (यथासंशोधित) 2021 के अनुसार कराने के निर्देश दिए गए हैं सीएमएचओ सुधीर डेहरिया ने बताया कि निजी नर्सिंग होम तथा क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट का विनियमन इस अधिनियम के अनुसार किया जाता है, जो कि अनिवार्य है। किसी भी व्यक्ति द्वारा क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट का संचालन विनियामक अधिनियम अंतर्गत पंजीयन के बिना नहीं किया जा सकता है।

# जनपद स्तरीय संस्कृत भाषा प्रशिक्षण आयोजित



सीहोर (निप्र)। संस्कृत भाषा मुखे न अस्ति तर्हि संस्कृत शिक्षक नास्ति उक्त वाक्य को लक्षित कर संस्कृत भाषा सीखना आवश्यक है. इस उद्देश्य की पूर्ति सीहोर में जनपद शिक्षा केन्द्र द्वारा आयोजित भाषा उन्मुखीकरण प्रशिक्षण में शिक्षार्थियों को संस्कृत भाषा शिक्षण में केन्द्रिय संस्कृत विश्वविद्यालय से आये प्राध्यापकों ने कही .सीहोर स्थित सेंट मेरी आवासीय विद्यालय में संस्कृत भाषा का एक दिवसीय प्रशिक्षण जनपद शिक्षा केन्द्र सीहोर द्वारा आयोजित किया गया. जिसमें भोपाल स्थित केन्द्रिय संस्कृत विश्वविद्यालय के प्राध्यापक द्वय डां. परमेश्वर, डां. ललित कुमार पंतोला, संस्कृत भारती प्रांत प्रचार प्रमुख डां. पवन द्विवेदी ने संस्कृत भाषा का प्रशिक्षण दिया. प्रशिक्षण का प्रारंभ मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित एवं दीप प्रज्जवलन कर किया। सीहोर बीआरसीसी अशोक कुमार वर्मा ने भाषा उन्मुखीकरण की आवश्यकता व महत्त्व विषय का उल्लेख करते हुए कहा कि शिक्षकों का भाषा शिक्षण पर किस तरह प्रयास करना है, वह इस प्रशिक्षण के माध्यम से सभी शिक्षक प्राप्त करेगें. प्रशिक्षण में एपीसी लखनलाल महेश्वरी, बीएसी सुरेन्द्र सिंह यादव, योगिता लोधी ने शिक्षकों को भाषा अध्ययन पर विविध प्रयास करने पर जोर दिया।

# लाड़ली लक्ष्मी योजना से लाड़ली सुमायरा के बेहतर भविष्य के निर्माण में मिल रही मदद



सीहोर (निप्र)। प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के नागरिकों के सुखद भविष्य के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। इन योजनाओं से प्रदेश के लाखों लोग लाभान्वित हो रहे हैं। इन्हीं जनकल्याणकारी योजनाओं में से एक लाडली लक्ष्मी योजना भी है, जो बालिका के जन्म के प्रति जनता में सकारात्मक सोच, लिंगानुपात में सुधार, बालिकाओं की शैक्षणिक स्तर के साथ ही स्वास्थ्य की स्थिति में सुधार तथा उनके अच्छे भविष्य की आधारशिला रखने के उद्देश्य से संचालित है। शासन की इस महत्वपूर्ण योजना से सीहोर निवासी श्रीमती रजिया खान की बेटी लाड़ली सुमायरा खान भी लाभान्वित हुई है। श्रीमती रजिया बताती हैं कि अपनी बेटी सुमायरा का पंजीयन लाड़ली लक्ष्मी योजना में कराने से अपनी बेटी की शिक्षा एवं विवाह की मेरी चिंता खत्म हो गई है। लाडली लक्ष्मी योजना के तहत सुमायरा की शिक्षा के साथ ही उसकी शादी के लिए भी सरकार द्वारा धनराशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की यह लाड़ली लक्ष्मी योजना मेरे जैसी अनेक माताओ के लिए अपनी बच्ची का बेहतर भविष्य बनाने में मददगार है। श्रीमती रजिया खान ने इस योजना के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं प्रदेश सरकार को धन्यवाद दिया है।

## अशासकीय स्कूलों में ऑनलाइन निःशुल्क प्रवेश प्रक्रिया 5 मई से होगी

सीहोर (निप्र)। प्रदेश में निशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन की कार्यवाही पारदर्शी तरीके से की जायेगी। इसके लिये कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों के नि:शुल्क प्रवेश की प्रक्रिया का टाइम टेबल घोषित कर दिया गया है। शिक्षण सत्र 2025-26 में 5 मई से प्रवेश प्रक्रिया की कार्यवाही शुरू की जा रही है। इस संबंध में राज्य शिक्षा केन्द्र ने जिला कलेक्टर्स और जिला परियोजना समन्वयक को निर्देश जारी किये हैं। जारी कैलेण्डर के अनुसार 5 मई, 2025 को नि:शुल्क प्रवेश के लिये मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूल एवं उनमें उपलब्ध कक्षा की सीट का पोर्टल पर प्रदर्शन होगा।

# स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित की जा रही है सेहत सेतु हेल्पलाइन सेवा

## सेहत सेतु हेल्पलाइन का अभी तक 15 हजार से अधिक मरीजों ने लिया लाभ

सीहोर (निप्र)। जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा सेहत सेतु पहल के तहत नागरिकों के लिए हेल्पलाइन नंबर 1800-233-2085 संचालित किया जा रहा है। इस हेल्पलाइन के माध्यम से जिले के दूरवर्ती क्षेत्रों में रहने वाले नागरिक विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श और स्वास्थ्य जांचों की सुविधा सुनिश्चित समय पर प्राप्त कर सकते हैं। इस हेल्पलाइन से अभी तक जिले के 15 हजार से अधिक मरीजों ने घर बैठे डॉक्टर से अपॉइंटमेंट बुक किया है। सीएमएचओ सुधीर डेहरिया ने बताया कि इस हेल्पलाइन के माध्यम मरीजों को औसतन 30 मिनट से भी कम समय में सेवा मिल रही है। उन्होंने बताया कि यह सुविधा प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में सूचीबद्ध निजी अस्पतालों में भी उपलब्ध है। इसके साथ ही अब सीहोर/भोपाल जिले के 250 से अधिक सरकारी और निजी अस्पतालों में अपॉइंटमेंट बुकिंग संभव हो गई है। इस सेहत सेतु पहल ने जिले के ग्रामीण क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाओं की सहज पहुँच सुनिश्चित की है। अब लोग घर बैठे सामान्य चिकित्सा स्त्री रोग समेत कई समस्याओं के लिए विशेषज्ञ डॉक्टरों से अपॉइंटमेंट बुक कर पा रहे हैं। यह सेवा समय की बचत के साथ-साथ असुविधाजनक सफर की ज़रूरत को भी समाप्त करती है।

# रोमांचक मैच में सीहोर क्लब-सीहोर बाइज 2-2 से बराबर



सीहोर (निप्र)। शहर के चर्च मैदान पर जिला फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में खेली जा रही ब्लाक स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता के अंतर्गत एक रोमांचक मैच खेला गया। इस कांटे के मुकाबले में सीहोर क्लब-सीहोर बाइज की टीम 2-2 गोल के बराबरी पर रही। शनिवार की शाम को खेल गए इस मुकाबले में दोनों ही टीम के खिलाड़ियों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया। इसमें सीहोर क्लब की ओर से नितेश ध्रुव ने 1-1 गोल किया था, वहीं दूसरी टीम सीहोर बाइज की ओर से युवराज-अल्तमश ने 1-1 गोल कर अपनी टीम को बराबरी पर रखा। रविवार की शाम को सीहोर गर्ल्स-सीहोर चिल्ड्रन के मध्य मुकाबला खेला जाएगा।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में संचालित की जा रही अनेक गतिविधियां

## जन अभियान परिषद द्वारा नदी के घाट पर की गई साफ-सफाई

सीहोर (निप्र)। कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार सीहोर जिले मे 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले भर में जल संरक्षण से संबंधित अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। अभियान के तहत आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए दीवार लेखन, जागरूकता रैली, पोस्टर बैनर, रंगोली, ग्राम सभाएं, कलश यात्राएं, शपथ सहित अनेकों गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। अभियान के तहत जिले के अनेक ग्रामों में कूप मरम्मत, तालाब जीर्णोद्धार, डैम की साफ-सफाई सहित अनेक कार्य किए जा रहे हैं तथा नागरिकों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई जा रही है। उल्लेखनीय है कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन से संबंधित खेत, तालाब, अमृत सरोवर, परकोलेशन टैंक, डगवेल, तालाब जीर्णोद्धार, जनभागीदारी के कार्य, कूप एवं बाउंड्री मरम्मत के कार्य किए जा रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान का प्रमुख उद्देश्य जनभागीदारी से जल संरक्षण तथा संवर्धन सुनिश्चित करना है। इस अभियान के अन्तर्गत समाज की भागीदारी तथा और विभिन्न सहयोगी विभागो की समेकित पहल से मुख्यत जल संरक्षण संरचनाओं के निर्माण, भूजल संवर्धन, पूर्व से मौजूद जल संग्रहण संरचनाओं की साफ सफाई एवं जीर्णोद्धार करना है। इसके साथ ही जल स्त्रोत में प्रदूषण कम करना, साफ सफाई करना, पौधरोपण के कार्य किए जा रहे हैं। इसके साथ ही जल संरक्षण एवं जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।



जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले के ग्राम खजूरिया कला में जल अभियान परिषद के सदस्यों द्वारा नदी घाट पर साफ सफाई की गई। इसके साथ ही नागरिकों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक प्रदीप सिंह सेंगर सहित अन्य सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा 09 वैशाली नगर ग्राम शेरपुर शंकर मंदिर के पास सीहोर म.प्र. से प्रकाशित।
ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com